संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -142 शनिवार ,25 मार्च 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# राहुल गांधी की सदस्यता रद्द मामले पर देश में हंगामा

» कई जगहों पर भिड़े कांग्रेसी और भाजपा कार्यकर्ता

» वायनाड में दिखा ऐसा नजारा

**नई दिल्ली,24 मार्च 2023(ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अब पूर्व सासंद बन चुके हैं। शुक्रवार को लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म कर दी। सदस्यता रद हो जाने के बाद राजनीतिक सरगर्मी काफी बढ़ चुकी है। कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच जुबानी जंग भी काफी तेज हो चुकी है। वहीं, देश के कई राज्यों में कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की भी खबरें सामने आई हैं।

### रायपुर में भिड़े कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज शाम युवा कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और एक दूसरे पर पत्थरबाजी करने लगे। छत्तीसगढ़ सांसद के रूप में राहुल गांधी की अयोग्यता को लेकर रायपुर में युवा कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए, पथराव भी हुआ।

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द मामले को लेकर कांग्रेस के बड़े नेताओ की बैठक



### वायनाड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

केरल के वायनाड में सांसद के रूप में राहुल गांधी की अयोग्यता को लेकर मनंथवाडी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### कोलकाता में होगा सड़क और रेल जाम

वहीं, मध्य कोलकाता में एक विरोध सभा आयोजित करते हुए बंगाल कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ शनिवार को रेल और सड़क जाम करेगी। अयोग्यता को भाजपा की बदले की राजनीति का एक उदाहरण बताते हुए राज्य कांग्रेस नेता आशुतोष चटर्जी ने जोर देकर कहा कि यह भगवा पार्टी की ओर से एक शर्मनाक कृत्य है।

चटर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा प्रतिशोध की राजनीति का सहारा ले रही है क्योंकि राहुल गांधी युवाओं और देश के दबे-कुचले लोगों के हित में मुद्दे उठा रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा गांधी के खिलाफ काम कर रही थी क्योंकि पार्टी ने अडानी के शेयरों के मुद्दे पर एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग की थी।

### शनिवार को रेल और सड़क जाम करेंगे:कांग्रेस नेता

भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस लिखी तख्तियां लिए कांग्रेस नेता कौस्तव बागची ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता शनिवार को रेल और सड़क जाम करेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

## भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूँ



### हर कीमत चुकाने को तैयार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा से अपनी सदस्यता खत्म होने पर प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत की आवाज के लिए लड़ रहे हैं और वह इसके लिए हर कीमत चुकाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा, मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं। मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं।

### लोकसभा सचिवालय ने जारी किया नोटिफिकेशन

मालूम हो कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता शुक्रवार को रद्द कर दी गई। राहुल गांधी ने मोदी सरनेम को लेकर टिप्पणी की थी, जिसपर सूरत की कोर्ट ने मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी। लोकसभा सचिवालय ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए उन्हें अयोग्य करार दिया।

### जारी रहेगी राजनीतिक लड़ाई: कांग्रेस

राहुल गांधी को अयोग्यता घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये राजनीतिक लड़ाई बरकरार रहेगी। जयराम रमेश ने कहा कि हम पीछे नहीं हटेंगे। राहुल गांधी कोई धमकी से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री डरे हुए हैं। इसलिए, वे बार-बार राहुल गांधी और अन्य विपक्ष के नेताओं को डराते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबराई हुई है। वे जानती है कि भारत जोड़ो यात्रा ने न केवल कांग्रेस संगठन में नई उमंग जगाई है, बल्कि पूरे देश में एक नया उत्साह, भविष्य का रास्ता दिखाया है।

### विपक्षी नेताओं का मिल रहा साथ

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने पर विपक्षी नेताओं का उनको समर्थन मिल रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरे देश में डर का माहौल है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी का नया भारत बताते हुए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्ष के नेताओं को मुख्य तौर पर लक्ष्य बना रही है।

# अब कई म्यूचुअल फंड स्कीम्स पर लगेगा एफडी की तरह टैक्स

» लोकसभा में हंगामे के बीच वित्त विधेयक 2023 पारित

**नई दिल्ली,24 मार्च 2023(ए)।** लोकसभा ने अदानी मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग को लेकर भारी शोर-शराबे और नारेबाजी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से शुक्रवार को सदन में पेश वित्त विधेयक 2023 के प्रस्तावों को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इस विधेयक के पारित होने से अब कुछ म्यूचुअल फंड स्कीम्स पर मिलने वाला टैक्स बेनेफिट खत्म हो गया है और अब 1 अप्रैल 2023 से आपको पहले से ज्यादा टैक्स इन पर देना पड़ सकता है। अब डेब्ट म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि के निवेश पर मिलने वाला कैपिटल गेन टैक्स बेनेफिट खत्म हो गया है। इसकी जगह इन स्कीम को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स के दायरे में लाया गया है। पारित हुए संशोधन के हिसाब से जिन डेब्ट फंड्स का इक्विटी शेयर में निवेश 35 प्रतिशत से ज्यादा नहीं है, अब उन पर आयकर की स्लैब के हिसाब से कर देना होगा। वहीं ऐसे निवेश पर लाभ शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन माना जाएगा। ये ठीक वैसे ही होगा जैसा कि बैंक के फिक्स्ड डिपॉजिट पर टैक्स लगता है। हालांकि इसके लिए निवेश की अवधि तीन साल से कम होनी चाहिए।



1 अप्रैल 2023 से आपको पहले से ज्यादा टैक्स इन पर देना पड़ सकता है

वित्त विधेयक के पारित होने के बाद अब वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे पहले गुरुवार को सदन ने विपक्षी दलों के हंगामे के बीच विनियोग विधेयक 2023 पारित किया था। लोकसभा की कार्यवाही हंगामे के कारण एक बार स्थगित होने के बाद 12 बजे जैसे ही दोबारा शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसी बीच वित्त मंत्री ने 2023-24 वित्त वर्ष के लिए वित्त विधेयक के प्रस्ताव पेश किए। वित्त विधेयक पेश करते हुए श्रीमती सीतारमण ने सरकारी कर्मचारियों के पेंशन और उनके हितों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पेंशन में सुधार की बात भी कही। वित्त मंत्री ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि एलआरएस का मुद्दा बहुत उठता है और कहा कि विदेशी दौरों पर क्रेडिट कार्ड के भुगतान को स्वीकार नहीं किया जा रहा है और इस मामले में लोगों की सुविधा का ध्यान रखने के लिए रिजर्व बैंक से आग्रह किया गया है। वित्त मंत्री ने पेशन योजना पर बोलते हुए कहा कि कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने और राजकोषीय व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने जैसे विभिन्न मुद्दों पर ध्यान देते हुए पेंशन प्रणाली पर विचार किया जाएगा और इस काम के लिए वित्त सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाएगा। वित्त विधेयक 2023 के पारित होते ही पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से शांति बनाए रखने और अपनी-आपनी सीटों पर जाने के लिए कहा लेकिन उनकी अपील पर ध्यान दिए बिना सदस्यों का हंगामा और तेज हो गया जिसे देखते हुए अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

## ईडी,सीबीआई के 'दुरुपयोग' के खिलाफ सुप्रीमकोर्ट पहुंचे 14 विपक्षी दल

**नईदिल्ली,24 मार्च 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट 14 राजनीतिक दलों की याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। विपक्षी राजनीति पार्टियों ने इस याचिका में कहा है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। शीर्ष न्यायलय मामले में 5 अप्रैल को सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। हाल ही में करीब 8 दलों के 9 नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इससे जुड़ा पत्र भी दिया था। सुप्रीम कोर्ट का रुख करने वाले दलों में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, भारत राष्ट्र समिति, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, डीएमके और शिवसेना का नाम भी शामिल है।



इन दलों ने जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगाए हैं। साथ ही मामलों में गिरफ्तारियों को लेकर दिशानिर्देश जारी करने की भी मांग की है। राजनीतिक दलों के मामले पर सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश ने 5 अप्रैल की तारीख तय की है।




# 1978 के मर्डर केस में पांच को उम्रकैद

**कानपुर ,24 मार्च 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में 1978 में हुई एक हत्या के मामले में पांच आरोपियों को दोषी ठहराया गया है। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। मामला नवंबर 1978 का है, जब सेल्हूपुर गांव में दिनेश नाम के शख्स की हत्या कर दी गई थी। उसके परिजनों ने कुंवर लाल, अयोध्या प्रसाद, रामावतार व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया। हालांकि, 23 अप्रैल 1979 को, दिनेश के परिवार और दोस्तों ने अयोध्या प्रसाद के घर पर धावा बोल दिया और उसके भाइयों सरजू, शिव प्रसाद, छोटे और चार वर्षीय पोते भीम सिंह की हत्या कर दी। जमानत पर रिहा हुए अयोध्या प्रसाद ने भोगनीपुर थाने में 21 लोगों के खिलाफ दंगा और हत्या का मामला दर्ज कराया।अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की अदालत में पिछले चार दशकों से मुकदमा चल रहा था, जिसने अंततः धनीराम, विजय बहादुर, बटोले, विजय नारायण, प्रेमचंद को



आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जबकि एक अन्य आरोपी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।प्रत्येक दोषियों पर 29,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

## प्रतिबंधित संगठन की सदस्यता अपराध : सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली,24 मार्च 2023 (ए)।** सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि प्रतिबंधित संगठन की सदस्यता को देश की अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ एक गतिविधि माना जाना तय है। शीर्ष अदालत ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की वैधता की पुष्टि की है। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की अध्यक्षता वाली पीठ ने शीर्ष अदालत के पहले के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि प्रतिबंधित संगठन की सदस्यता तब तक अपराध नहीं है, जब तक कि वह व्यक्ति अपराध में शामिल नहीं होता है। जस्टिस



शाह ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी संगठन पर प्रतिबंध लगने के बाद भी उसकी सदस्यता जारी रखता है तो वह सजा का भागी होगा।न्यायमूर्ति शाह ने पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए यूएपीए की धारा 10 (ए) (आई) को बरकरार रखा, जो एक ऐसे संघ की सदस्यता बनाता है, जिसे गैरकानूनी घोषित किया गया है।

## संपादकीय

# सत्र के बाद भी बना रहेगा मुद्दा

सवाल है कि संसद का बजट सत्र समय से पहले समाप्त हो जाने के बाद क्या भाजपा और कांग्रेस के उठाए मुद्दे समाप्त हो जाएंगे? इसकी संभावना कम है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने जो मुद्दा उठाया है वह सिर्फ संसद सत्र को ध्यान में रख कर नहीं उठाया गया है। इसे आगे की राजनीति को ध्यान में रख कर उठाया गया है। भारतीय जनता पार्टी लंदन में दिए भाषण के बहाने राहुल गांधी को देश विरोधी साबित करने में लगी है। देश के अपमान का मुद्दा बना कर उनसे माफी मांगने को कहा जा रहा है, जबकि अगर उन्होंने संसद से बाहर कोई देश विरोधी बात कही है तो उनके ऊपर देशद्रोह का आपराधिक मुकदमा चलना चाहिए। लेकिन बात बात में राहुल के खिलाफ मुकदमा कराने वाली भाजपा ऐसा नहीं कर रही है। वह इसे राजनीतिक मुद्दा बनाए रखेगी। कर्नाटक से लेकर आगे होने वाले हर राज्य के चुनाव में इसे मुद्दा बनाया जाएगा। इसी तरह विपक्ष को लग रहा है कि अदानी समूह के खिलाफ आए हिंडनबर्ग रिपोर्ट से उसको बोफोर्स या 2जी जैसा कोई बड़ा मुद्दा मिल गया है। विपक्ष इसे लोकसभा चुनाव का ब्रह्मास्त्र मान रहा है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों को लग रहा है कि अदानी समूह की करीबी का प्रचार करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई एजेंडे को ध्वस्त किया जा सकता है। राहुल गांधी पिछले चुनाव से 'चौकीदार चोर है' का नारा लगा रहे थे लेकिन तब उनके पास कोई स्पेशिफिक गड़बड़ी का सबूत नहीं था। अब हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और शेयर बाजार में अदानी समूह का 12 लाख करोड़ रुपया डूबने से उनके हाथ सबूत लगा है। संदिग्ध कंपनियों के रक्षा सौदों में शामिल होने की खबरे हैं। सो, विपक्ष भी इस मुद्दे को नहीं छोड़ेगा। बहरहाल, संसद का अगला सत्र कर्नाटक विधानसभा के चुनाव के बाद होगा और कर्नाटक के नतीजों से तय होगा कि संसद में क्या माहौल रहेगा।

# संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग

वर्तमान केंद्रीय सरकार पर आरोप है कि वह विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके विपक्ष पर झूठे मुकदमे दायर करवा देता है इंफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (श्वष्ठ) पर यारों बहुत ज्यादा है । अब आज अरविंद केजरीवाल पर भी आ गई है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अर्जित पैसा गोवा के विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल हुआ था, ऐसा नया आरोप ई.डी. ने लगाया है । शायद जल्दी ही अरविंद केजरीवाल को अरेस्ट कर लिया जायेगा ।

मौजूदा केन्द्र सरकार ने ई.डी. का इस्तेमाल अपने राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये किया हो। तमाम सरकारों के दौरान ऐसा होता रहा है, लेकिन राजग सरकार के दौरान इसकी आवृत्ति बढ़ी है। विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि केंद्र ईडी को 7 राजनीतिक हथियार के रूप में प्रयोग कर रहा है। ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट की यह नसीहत तार्किक व मार्गदर्शक है कि कानून उसे यह हक नहीं देता कि वह मनमाने ढंग से किसी की प्रतिष्ठा से खेले, उन्हें परेशान करे या किसी तरह का दबाव बनाये। अदालत ने साफ कर दिया कि उसे सिर्फ और सिर्फ धनशोधन के मामले में ही कार्रवाई करने का कानूनी हक है। वह महज अनुमान के आधार पर किसी पर कोई आरोप नहीं लगा सकती। यदि ऐसा कोई प्रयास होता है तो कानून के दायरे में ही उसकी सुनवाई होनी चाहिए । दरअसल, हाईकोर्ट ने ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई की थी जिसमें धनशोधन की स्पष्ट स्थिति न होते हुए भी ईडी ने कार्रवाई की थी। आरोप लगते रहे हैं। कि प्रवर्तन निदेशालय ने कई मामलों में विभाग के कार्यक्षेत्र से बाहर वाले मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप किया है। यही वजह है कि ई.डी. की दखल के बावजूद कोई धनशोधन का मामला उजागर नहीं हो सका। महज इस शक पर कि आय से अधिक की संपत्ति वाले मामले में धनशोधन का एंगल भी हो सकता है। कोर्ट का मानना है कि अन्य विभाग की जांच में यदि धनशोधन का मामला उजागर होता है तो ई.डी. दखल दे सकती है। गाहे- बगाहे ई.डी. की कारगुजारियों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। यह मामला विगत में शीर्ष अदालत के पास भी पहुंचा था। तब भी कोर्ट ने उसके गिरफ्तारी व जब्ती के अधिकार को तो माना था लेकिन साथ ही नसीहत भी दी थी कि उसे अपने दायरे में रहकर ही काम करना होगा । ऐसे में उम्मीद जगी है कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद ईडी संयम के साथ काम करेगा। दरअसल, विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा कि केन्दय एजेंसियां सरकार के इशारों पर काम कर रही हैं, उनके निशाने पर विपक्षी सरकारों वाले राज्यों के नेता रहे हैं। अब चाहे आयकर विभाग हो, सीबीआई हो या फिर प्रवर्तन निदेशालय, विपक्षी पार्टियां उनके निशाने पर रही हैं। इन पर राजनीतिक दुराग्रह के चलते कार्रवाई करने तथा सत्तारूढ़ दल के नेताओं को अभयदान देने की बात कही जाती रही है। बहरहाल, हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद वे तमाम लोग राहत की सांस लेंगे, जिनके खिलाफ राजनीतिक कारणों से कार्रवाई हुई और वे कार्यवाही के अंतहीन त्रास को झेल रहे हैं। मामले में तमाम सफाई देने के बावजूद उनके मामलों का पटाक्षेप नहीं हो पा रहा है। वहीं जांच एजेंसी को नसीहत दी गई है कि जांच के बाद तथ्य पाये जाने के बाद ही किसी के खिलाफ छापे की कार्रवाई हो तथा कानूनी रूप से अधिकृत प्राधिकारों के माध्यम से ही मामले की सुनवाई की जानी चाहिए। उसके पास यह जांच करने का अधिकार नहीं है कि कहीं इस तरह का आर्थिक अपराध हुआ है ।

**अजय दीक्षित**

# सामयिक : बजट और राष्ट्रवादी विमर्श

आज सूचना के तमाम माध्यम इस लॉन्चिंग सिंड्रोम या फिनोमेना के शिकार हैं। यही कारण है कि सरकारों की नीति, राजनेताओं के वक्तव्य सब आज इंस्टेंट वेल्यू के साथ परोसे जा रहे हैं।

आज हमारा कालबोध इतना इकहरा हो गया है कि हम किसी बात के संदर्भ को उसके उत्स और विकास प्रक्रिया के साथ देखना या तो भूल गए हैं, या फिर इसे गैर-जरूरी मान बैठे हैं। देश में बजट का मौसम चल रहा है। केंद्र और राज्यों के बजट प्रस्तावों के इर्द-गिर्द जो चर्चा इन दिनों चल रही है, उसका कंपास एक बार फिर तात्कालिकता के जोर पर ही तय हो रहा है। विचार के नाम पर बजट प्रस्तावों के विश्लेषण भर सामने आ रहे हैं, और इसी के साथ सामने आ रहा है फौरी अर्थबोध का कमजोर मानसिक ढांचा। इस बीच, जो बात उभर कर सामने आ रही है, वह यह कि बजट और सरकारों की आर्थिक प्राथमिकता अब ज्यादा केंद्रीय हैं। इस बात का महत्त्व इस अर्थ में समझना जरूरी है कि राजनीतिक विचार और वक्तव्यों के आधार मात्र पर हम सरकारों की कार्यनीति को समझने की भूल करेंगे तो बड़ी गलती होगी। तुर्रा यह कि राजनीतिक द्वेष, विरोध और प्रतिद्वंद्विता से अलग बजटीय विमर्श को जो कुछ केंद्रीय शब्द-पद चुंबकीय आकर्षण और नियामकीय अनुशासन दे रहे हैं, वे कमोबेश एक से हैं। अगर इनके बीच कोई फर्क है तो वह यह कि इस आकर्षण और अनुशासन के पीछे का मानस और प्रतिबद्धता कितना सघन या लचर है। केंद्रीय बजट के राष्ट्रीय महत्त्व से आगे आज देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के सालाना बजट प्रस्तावों की चर्चा हो रही है तो इसलिए कि विकास और उदारीकरण के दौर के जो पहिए रास्ते में कहीं थक गए थे, वे फिर से रफ्तार भर रहे हैं। अर्थ और विकास का समावेशी तकाजा आज सर्वसमावेशी दरकार से जुड़े पैकेजिंग तक पहुंच गया है। इसी तरह गांव और शहर के बीच फासला कम करने के लिए तमाम प्रस्ताव लाए जा रहे हैं, जिनमें किसानों, पशुपालकों, महिलाओं को लेकर ही नहीं, अलग-अलग वगरे और श्रमिक तबकों के लिए घोषणाओं का तकरीबन अंबार खड़ा किया गया है।

अंग्रेजी का एक अखबार जब उत्तर प्रदेश सरकार के सालाना बजट पर लिखता है कि संयुक्त राष्ट्र ने सतत विकास के लिए जब 'लीव नो वन बिहाइंड' का लक्ष्य सामने रखा होगा तब शायद किसी के ध्यान में नहीं आया होगा कि यह विकास के नवउदारवादी दौर का नया मार्गदशर्क सिद्धांत भी बन जाएगा। दिलचस्प यह कि इस सिद्धांत को अपने आर्थिक नवाचार और प्राथमिकता में उतारने में जो सबसे आगे है, वह देश का ऐसा राज्य है जिसके बारे में विमर्श के हमारे कीवर्ड्स आज भी जाति, वर्ग और सामाजिक विभेद ही हैं। संभव है कि राजनीतिक समझ और विमर्श का यह बहुप्रचारित पिछड़ापन इस सूबे को अर्थ और विकास के नये देशकाल को रचने में मददगार भी साबित हो रहे हों। ऐसा नहीं होता तो फिर वहां योगी आदित्यनाथ की सरकार दोबारा चुनकर नहीं आती क्योंकि सामाजिक गठजोड़ के बूते उन्हें घेरने की कोशिश पिछले विधानसभा चुनाव में खूब हुई थी। आज अगर केंद्र की मोदी सरकार को इस बात का श्रेय है कि उन्होंने देश में मतदाताओं की सबसे बड़ी गोलबंदी को लाभार्थी समाज के रूप में नई और कारगर शक्ल दी है, तो एक श्रेय योगी आदित्यनाथ की सरकार को भी जाता है कि केसरिया रंग में उनकी राजनीति से ज्यादा गहरी है उनकी विकासवादी दृढ़ता। देश का प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे स्टेट कहता है, और सूबे की एक जिले एक उत्पाद की नीति को पूरा देश अपनाता है तो ये तथ्य किसी मामूली बदलाव के नहीं हैं। 6,90,242.43 करोड़ रुपये का मेगा बजट और नई योजनाओं पर 32,721.96 करोड़ के नये बजट खर्च का एकमुश्त प्रस्ताव कोई राज्य कर रहा है तो यह कोई सामान्य घटना नहीं है।

दरअसल, भारत अब वाकई कंपटीटीव और कॉपरेटिव फेडरलिज्म के दौर में पहुंच चुका है। बजट से पहले यूपी में बहुप्रचारित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश का शीर्ष कारोबारी यह कहने से अपने को नहीं रख पाता कि यह विकास का महाकुंभ है, और उत्तर प्रदेश पुण्य भूमि तथा प्रभु श्रीराम की भूमि है। जिन लोगों को डबल इंजन सरकार और ग्रोथ के ऑल इन्कलूसिव होने जैसे राजनीतिक-आर्थिक तकाजों से चिढ़ है, उन्हें नये बनारस और अयोध्याधाम के दशर्न और नये तार्किक बोध के साथ न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि उसके साथ बदलते भारत की आर्थिक और राजनीतिक दिशा को लेकर अपनी नई समझ विकसित करनी चाहिए। समझ की यह दरकार देश में बजट के बहाने बन रही नई स्थिति को देखने-समझने के लिए इसलिए भी जरूरी है क्योंकि देश स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे करने के साथ वाकई विलक्षण दौर में पहुंच गया है।

कुछ समय में नये भवन में न सिर्फ देश की सबसे बड़ी निर्वाचित पंचायत बैठने लगेगी, बल्कि इसके साथ ही वह दशक भी पूरा हो जाएगा जिसमें बहुत कुछ बदल गया है। बदलाव की इस मुख्यधारा से वही लोग बेखबर हैं, जो एक तरफ देश के एक छोर से दूसरे छोर को पैदल नापने का धैर्यपूर्ण उपक्रम कर रहे हैं, वहीं उनके दल के मुख्यमंत्री विधानसभा में बजट की प्रस्तुति के प्रति इतने गंभीर दिखे कि पिछले साल का बजट पढ़ने लगे। इतिहास में थोड़ा-पीछे लौटें तो बदलाव की ये रेखाएं ज्यादा गहरी दिखेंगी। गौरतलब है कि जिस द इकोनमिस्ट अखबार को आज भी अर्थ क्षेत्र में विमर्श और विश्लेषण का सबसे प्रामाणिक आधार माना जाता है, उसके संस्थापक जेम्स विल्सन ने भारत का पहला बजट 1859 में पेश किया था। 1857 के विद्रोह से आर्थिक तौर पर घबराई ब्रितानी हुकूमत ने विल्सन के बहाने भारत में आर्थिक अनुशासन और भावी दिशा को फिर से गढ़ना चाहा। वे कुछ हद तक सफल भी रहे पर आगे के करीब नौ दशक भारतीय उद्यम, पुरुषार्थ और संघर्ष का सबसे सुनहरा कालखंड साबित हुआ। इस दौरान देश ने विकास के राष्ट्रवादी मॉडल को जहां खड़ा होते देखा, वहीं हम आजादी पाने में भी सफल रहे। हालिया कुछ वर्षो में राष्ट्रवाद के साथ राष्ट्रीय विकास का जो नया फलसफा देश से लेकर राज्यों तक लोकतांत्रिक अनुमोदन प्राप्त कर रहा है, वह स्वाधीन भारत की बड़ी परिघटना है।

**प्रेम प्रकाश**

# आओ लफ्जों को ज़ुबां से संभालकर निकालें

» **बयानवीरों की आफ़त - युवा नेता को दो वर्षों की सजा फ़िर ज़मानत**

» **सार्वजनिक जीवन में शब्दों की मर्यादा का बंधन जरूरी - आर्टिकल 19 (2)प्रतिबंध को रेखांकित करना समय की मांग**

अंतरराष्ट्रीय स्तरपर किसी भी देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए संविधान की आवश्यकता पड़ती है।संविधान, कानूनों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो सरकार की मूल संरचना और इसके कार्यों को निर्धारित करता है, जो सरकार के अंगों तथा नागरिकों के आधारभूत अधिकारों को परिभाषित तथा सीमांकित करता है।भारत में भी संविधान पारित - 29 अगस्त 1947 को वी एन राव द्वारा तैयार किए गए संविधान के प्रारूप पर विचार विमर्श करने के लिए डॉ भीमराव आंबेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति का गठन किया गया। 21 फरवरी 1948 को समिति ने अपनी रिपोर्ट संविधान सभा में पेश की। पहले और दूसरे वाचन के बाद 7,635 संशोधन पेश किए गए, जिनमें से 2,437 को स्वीकार कर लिया गया। तीसरा वाचन 14-26 नवंबर 1949 को पूरा हुआ और संविधान सभा द्वारा संविधान को पारित कर दिया गया।

साथियों बात अगर हम दिनांक 23 मार्च 2023 को लोकसभा में विपक्ष के युवा नेता को दो वर्ष की सजा की करें तो, उन्होंने 2019 में कर्नाटक की चुनावी रैली में विवादित बयान दिया था। रैली कर्नाटक के कोलार में थी और उन्होंने मोदी सरनेम पर टिप्पणी की थी। एक नेता और विधायक ने उनके बयान के खिलाफ मानहानि का केस सूरत में किया था। बयान था, सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। इस बयान से जुड़े मानहानि केस में युवा नेता को सूरत कोर्ट ने गुरुवार को दोषी करार दिया। इस फैसले के 27 मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई और 15 हजार का जुर्माना भी लगाया। इसके कुछ देर बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत भी दे दी। साथ ही सजा को 30 दिन के लिए स्थगित कर दिया। सुनवाई के दौरान युवा नेता कोर्ट में मौजूद रहे। उनको आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत दोषी करार दिया गया है। इसमें 2 साल की सजा का प्रावधान है। उनके वकील ने कोर्ट से कहा- इस पूरी घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इसलिए हम किसी प्रकार की दया की याचना नहीं करते हैं। युवा नेता कोर्ट में अपना पक्ष रखा। उनके वकील के मुताबिक, उन्होंने कहा कि बयान देते वक्त मेरी मंशा गलत नहीं थी। मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी।% उधर, कोर्ट के बाहर विधायक और याचिकाकर्ता और उनके समर्थकों ने नारे लगाए। सजा के बाद युवा नेता बोले- सत्य मेरा भगवान है। उनकी बहन ने कहा- मेरे भाई न कभी डरे हैं, न कभी डरेंगे। युवा नेता पर पिछले 4 साल से मानहानि का मामला चल रहा था। कोर्ट ने 17 मार्च को इस मामले में सभी दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था।इसके पूर्व भी यूपी के एक बहुत बड़े नेता को 2 वर्ष की सजा सुनाई गई है।

साथियों हम अधिकारों को लेकर बहुत सतर्क, सजग और चौकस रहते हैं। संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की बात आते ही हमारा लहजा शिकायती हो जाता है। सही मुंह और मूड को बुरा सा बनाकर सरकारों और संवैधानिक संस्थाओं पर तोहमत लगाने लगते हैं। हमें यह नहीं मिल रहा है हमें वो नहीं हासिल है। हमें इसकी आजादी चाहिए हमें उसकी आजादी चाहिए। बहुत खूब! दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नागरिकों का यह जोश और जज्बा किसी को भी उनकी जागरूकता की डिग्री पर सोचने को विवश कर सकता है। सोच का दूसरा पहलू भी देखिए, जिस संविधान ने हमें मौलिक अधिकारों को उपहार के रूप में नवाजा है, उसी ने कर्तव्यों के दायित्वबोध की टोकरी का बोझ और आर्टिकल 19(2) भी सिर पर लाद दिया है जिसकी तरफ हमारा ध्यान शायद कम जाता है। अगर हम आर्टिकल 19 के मौलिक अधिकार दिए हैं तो आर्टिकल 19 (2) के अंतर्गत सम्मेलन के इस अधिकार को निर्बंधित भी किया जा सकता है। इस अधिकार पर प्रतिबंध निम्नांकित आधारों पर किया जा सकता है। किसी भी नागरिक को ऐसी सभा या सम्मेलन आयोजित करने की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती जिससे लोग शांति भंग हो अथवा देश की प्रभुता एवं अखंडता या लोक व्यवस्था संकट में पड़ जाए। चूंकि दिनांक 3 जनवरी 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने डब्ल्यूपी (सी) 113/2016 कौशल किशोर बनाम उत्तर प्रदेश सरकार के मामले में, पांच जजों की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा कि सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी पर संविधान के अनुच्छेद 19 (2) में दी गई शर्तों के अलावा अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के दूरगामी परिणाम वाला फैसला तथा संविधान के आर्टिकल 19 (2) अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रतिबंध है को रेखांकित करना समय की मांग है।

साथिया बात अगर हम दिनांक 3 जनवरी 2023 को आए सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की संविधान पीठ में पारित फैसले की करें तो, पीठ ने 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाया है कि मंत्रियों के बयानों के लिए सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। पीठ ने जिन प्रश्नों पर विचार किया गया उनमें से एक यह था कि क्या राज्य के किसी भी मामले या सरकार की सुरक्षा के लिए मंत्री द्वारा दिए गए बयान को विशेष रूप से सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए सरकार को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस एस अब्दुल नज़ीर, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस वी रामासुब्रमण्यन के बहुमत ने कहा है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक याचिका में सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों के लिए बोलने की आजादी पर गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। दरअसल, नेताओं के लिए बयानबाजी की सीमा तय करने का मामला 2016 में बुलंदशहर गैंग रेप केस में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री की बयानबाजी से शुरू हुआ था। उन्होंने जुलाई 2016 के बुलंदशहर गैंग रेप को राजनीतिक साजिश कह दिया था। इसके बाद ही यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ लफ़्ज़ों को जुबां से संभलकर निकालें। बयानवीरों की आफ़त - युवा नेता को दो वर्षों की सजा फ़रि ज़मानत।सार्वजनिक जीवन में शब्दों की मर्यादा का बंधन जरूरी - आर्टिकल 19 (2) प्रतिबंध को रेखांकित करना समय की मांग है।



**किशन सनमुखद़ास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

# ज्ञान,शिक्षा और संवेदना सफल जीवन के अंतर्निहित अवयव

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि %पाप से घृणा करो पापी से नहीं% फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि% ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं%। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।

एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक से अर्जित ज्ञान के उपयोग इनके संरक्षण में करने में हम सक्षम भी हैं। अतः प्राचीन काल से मान्यता रही है कि सार्थक, सफल, एवं प्रेरणादाई जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान का समन्वय कारी सदुपयोग एक आवश्यक तत्व है, इसके अभाव में जीवन कितना सार्थक सफल और मार्गदर्शी नहीं हो सकता है।



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर ,छत्तीसगढ़



# तेलीटोला के शिव मंदिर

राजनांदगांव जिला के डोंगरगढ़ ब्लाक म नेशनल हाईवे रोड टप्पा तेलीटोला गांव के डोंगरी पहाड़ी म शिव मंदिर स्थित हे

डोंगरी के गोल भांवर गांव बस्ती बसे हे, ईहां सबो समाज गोंड, तेली, कलार,लोधी,राउत,महार जाति के मनखे मन निवास करत हे, तेली जाति के मनखे मन ज्यादातर निवासरत हे ते परसे तेलीटोला नांव पड़गे

तेलीटोला के जनसंख्या लगभग लगभग 1200 करीब हे

शिव शाक्ति मानस परिवार समिति शिव मंदिर म महाशिवरात्रि के पावन परब म मेला भराथे अउ कुंवार नवराति म गांव जोत जलाथे

कृष्ण जन्माष्टमी म गोविंदा महोत्सव के आयोजन होथे, जिहां गांव भर के मनखे उमड़के चौबिस घंटा राम सत्ता भजथे, अउ पुरा गांव ल घुमके दही लुट होथे

डोंगरी पहाड़ी म बिराजमान शिव मंदिर के दृश्य बहुत ही शोभायमान हे!



**सोनु नेताम माया**
नवागांव धमतरी
छत्तीसगढ़

## रहने दो

कुछ ख्वाहिशें अधूरी है
तो रहने दो।
मोहब्बत की तरफ पाव नहीं जाते
तो रहने दो।
अपनापन दिखा कर भी
कोई अपना नहीं बनता
तो रहने दो।
मंदिरों मस्जिदों में घूम कर भी
हृदय नेक पाक नहीं होता
तो रहने दो।
दिलों जान से मोहब्बत करने के
बाद भी
तुमसे किसी को इश्क नहीं होता
तो रहने दो।
दिल्लगी के बाद भी
कोई दिलदार नहीं बनता
तो रहने दो।



**राजीव डोगरा**
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

## मईया के सोलहा सिंगार


मईया के सोलहा सिंगार
मोर मन ल भाए
मईया के सोलहा सिंगार,,,
मईया के दमके सिंगार
जमो जग ल भाए
मईया के सोलहा सिंगार,,,
भोर के लाली मांग म सिंदूरी
फुल मोंगरा के गजरा ह भाए
लाली सिंदूरिया मंदार फुलवा
गला म तय हार सिंगार बनाए
मईया के सोलहा सिंगार,,,
तोर कान के कुण्डल हर दाई
जोगनी बरोबर दमकत हावय
रातरानी के फुलवा कस झूलय
फुलवारी ह सुग्घर महमहावय
मईया के सोलहा सिंगार,,,
कारी बदरिया काजर हर लागय
जगमग ज्योति आँखी हर बरय
नाक नथुनिया च्तोर मोती मोहय
फुल कमल तोर मुखड़ा लागय
मईया के सोलहा सिंगार,,,
तोर भगत मिल तोर जस गावय
लाली फुलवा ल चरण चढ़ावय
तोर अर्जी अउ बिनती ल करके
तोर सुग्घर आशीष ल सब पावय
मईया के सोलहा सिंगार,,,



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायन
छत्तीसगढ़.

## भावभीनी अखियां

विजय श्री का रथ सजा,
चली स्वर कोकिला
इस लोक को छोड़।
भावभीनी हुई सबकी अंखियां
चली स्वर कोकिला
स्वर्ग की ओर।
भव्य स्वागत में जुटे
किन्नर, गन्धर्व,देवदूत।
आ रहा धरा से कोई
सूरों का उस्ताद।
वाद्ययंत्रो से सजी है महफ़िल
किन्नर नृत्य- गान किए।
स्वर्ग द्वार पर खड़े हैं नारद
सूरों का साज लिए।
अंतिम विदाई दे रही अंखियां।
चली स्वर कोकिला
स्वर की ओर।
जब तक रहेगा ये जहां।
तुम्हारे सूत्रों गूंजेगा ये धरा।
सबके दिलों में अपनी मिठास
घोल गई स्वर कोकिला।



**ज्योति सिंह,**
देवरिया,
उत्तर प्रदेश

## जसगीत

हो मइया तोरे मंदिर म हो,
जगमग जगमग जोत जलत हे।
तैं पारवती शिवशंकर के नारी।
कहाये ओ तैं लंबोदर के महतारी।
तैं अंतस के पीरा समझइया,
तोर दरस ले बिगड़े काम बनत हे,
जोत जलत हे....
दुरगा बन महीसासूर संहारे।
बिपत म देवता मन ल उबारे।
तैं सब बर किरपा करइया,
तोर किरपा बर सब तरसत हे,
जोत जलत हे....
दुनिया ल अपन महिमा समझा दे।
भटके ल सोझ रद्दा बता दे।
तैं तीनों लोक म जस बगरइया,
तोला गब्दीवाला बंदत हे,
जोत जलत हे....



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
बालोद-
छत्तीसगढ़


समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# अंबिकापुर में महसूस किया गया भूकंप का झटका,मची अफरा-तफरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

उत्तर छत्तीसगढ़ में शुक्रवार सुबह 10.28 बजे भूकंप के झटके आए। भूकंप का झटका करीब छह सेंकेंड तक महसूस किया गया। लोगों के घरों की छतें व सीट हिलने लगी। लोग डर से अपने-अपने घर से बाहर निकल गए। वहीं स्कूलों में भी छुट्टी कर दी गई। मौसम विज्ञानी व भूगोल शास्त्री के अनुसार भूकंप का केन्द्र अंबिकापुर शहर से लगे ग्राम सोनपुर कला बताया जा रहा है। वहीं इसकी रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.9 आंकी गई,जबकि गहराई 10 किमी बताई जा रही है।

अंबिकापुर में शुक्रवार की सुबह करीब 10.28 बजे तेज आवाज के साथ भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोगों के घरों की छतें, सीट, पंखे, व कुसी-टेबल हिलने लगे। इसे देखते हुए लोगों को समझने में देर नहीं हुई और लोग अपने-अपने घर से बाहर निकल गए। घर के बाहर निकलते ही पास पड़ोसों में चर्चा का विषय बन गया। वहीं अस्पताल, बैंक के कर्मचारी भी डर से बाहर निकल गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही स्कूलों में बच्चों को बाहर निकाला गया। इसके बाद स्कूल प्रशासन द्वारा बच्चें को छुट्टी दे दी गई। वहीं भूकंप के केन्द्र बिन्दू को लेकर विशेषों में भी चर्चा का विषय बना रहा। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने भूकंप वेधशाला की पुष्टि के बाद बताया कि भूकम्प का वास्तविक केंद्र अम्बिकापुर नगर के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में सैनिक स्कूल के पास सोनपुर कला था। भूकंप की तीव्रता 3.9 रिक्टर और गहराई 10 किमी थी। क्रमिक अंतराल में 7 सेकंड के अंदर 2 से 3 भूकम्पीय झटकों के महसूस होने की पुष्टि स्थानीय लोगों ने की है। वहीं सरगुजा संभाग के अंबिकापुर के अलावा बलरामपुर व सूरजपुर जिले में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। वहीं विशेषज्ञों के अनुसार एक साल के अंदर सरगुजा संभाग के अलग-अलग क्षेत्रों में अब तक



5 बार भूकंप के झटके आ चुके हैं। वहीं प्राकृतिक भूकंप भूगर्भ में होने वाले असंतुलन का परिणाम होता है। भूगर्भ में उत्पन्न होने वाले ऊर्जा का किसी न किसी रूप में उत्सर्जन होता है। यह क्रिया भूगर्भिक प्लेटों के टकराने से या प्लेटों के एक दूसरे के विपरीत दिशा जाने में होता है। इस तरह भूगर्भ का गतिशील होना भूकंप का प्रमुख कारण माना जाता है । वर्तमान वैज्ञानिक भूगर्भिक अनुसंधानो से यह प्रकाश में आया है कोई भी भूकंप यदि उसका जन्म 10 किलोमीटर की गहराई पर हुआ है तो भूपटल पर विनाशकारी होता है। 4 से 5 मेग्नीट्यूड का भूकंप का प्रभाव बहुत अधिक क्षति के रूप में नहीं होता किंतु मानव को पूरी तरह से बेचैन कर देता है क्योंकि तरंगे बहुत तेजी से मकानों को प्रभावित करती है। सभी को ज्ञात है कि लटोरी और भटगांव क्षेत्र दोनों बहुत पुराने कोयला उत्खनन के केंद्र हैं और लगातार यहां से कोयले का उत्खनन किया जा रहा है। पृथ्वी के संतुलन का सिद्धांत कहता है की कोल उत्खनन से जो भूमि खाली होती है इससे धरातल का संतुलन बिगड़ता है और संतुलन बनाने के लिए भूगर्भिक क्रियाएं भी होने लगती है। गुरुवार का भूकंप कुछ इसी तरह का संकेत देता है। सरगुजा संभाग के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों में लगातार भूकंप की आवृत्ति से यह प्रमाणित हो रहा है की दृढ़ भूखंडों के क्षेत्र में भी अब भूकंप की आवृत्ति बढ़ रही है।

### सरगुजा सम्भाग में 2022 में भूकम्प की घटनाएं

11 जुलाई 22 - कोरिया जिला बैकुंठपुर 4.3 रिक्टर , 8.10 बजे सुबह

29 जुलाई 22 कोरिया जिला बैकुंठपुर 4.6 रिक्टर, 12.58 बजे रात

4 अगस्त 22 - सूरजपुर जिला गंगोटी क्षेत्र 11.57 बजे दिन 3.0 रिक्टर

14 अक्टूबर 22 - कोरिया जिला 5.28 बजे 4.8 रिक्टर

1 नवम्बर को इसी बेल्ट में जबलपुर में भी धरती हिली थी। प्रात- 8.44 बजे, 3.9 रिक्टर

# मवेशियों को झारखंड बुचडख़ाना ले जाते दो आरोपी गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

37 नग मवेशी को कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के कसेरा जंगल के रास्ते झारखंड के बुचडख़ाना ले जाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्ररूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर पुलिस को प्रार्थी वशिष्ठ यादव ने जानकारी दी की 23 मार्च को दो अनजान व्यक्ति गांव के कसेरा जंगल की ओर मवेशियों के साथ क्रूरता करते हुए पैदल झारखंड बुचडख़ाना ले जायाजा रहा है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मानसाय चौधरी एवं शंखलाल बैगा निवासी महेशपुर लटोरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 37 नग मवेशी जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम कि धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्ररूरता अधिनियम की धारा 11(1)(क ) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर निरीक्षक विजय प्रताप सिंह, उप निरीक्षक राजेश पाण्डेय, प्रधान आर रामप्रसाद निकुंज, आरक्षक परवेज फिरदौसी, देवदत्तत सिंह, अमित टोप्पो, अमित केरकेट्टा, ह्रदयलाल मिंज, रेवती रमन शामिल रहे।

# 10 दिवसीय साइबर क्राइम इन्वेस्टीगेशन प्रशिक्षण शिविर का समापन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सरगुजा रेंज एवं बिलासपुर रेंज के पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर साइबर क्राइम के मामलों में बेहतर विवेचना एविडेंस कलेक्शन एवं तकनिकी जानकारियों के बारिकी गुणों से अवगत कराया गया। साथ ही प्रशिक्षण सत्र के दौरान साइबर क्राइम के बढ़ते हुए प्रभाव को कम करने एवं आमनागरिकों को जागरूकता के माध्यम से साइबर क्राइम की घटनाओ को रोकने प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया था।

शुक्रवार को आईजी राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में एसपी भावना गुप्ता के निर्देशन मे साई बाबा आदर्श महाविद्यालय के सभाकक्ष में समापन समारोह आयोजित कर सरगुजा रेंज एवं बिलासपुर रेंज से आए पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की ट्रेनिंग पश्चात प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं नेशनल पुलिस एकेडमी से आए प्रशिक्षकों को मोमेंटो, प्रशस्ती




पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं वर्तमान समय मे साइबर क्राइम की बेसिक एवं एडवांस लेवल की महत्वपूर्ण जानकारी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान की गई। इस दौरान आईजी ने कहा कि साइबर क्राइम तकनिकी उपकरण पर आधारित क्राइम हैं, इसके माध्यम से आमनागरिकों को आर्थिक एवं मानसिक नुकसान होता हैं। वर्तमान मे घटित गंभीर मामलो मे कही न कही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग किया जाता हैं। इन क्राइम को डिटेक्ट करने एवं इनका निवारण करने के लिए हमें अपडेट होने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस प्रशिक्षण के माध्यम से तकनिकी ज्ञान बढ़ेगी साथ ही डार्क वेब जैसे मामलो के रोकथाम कैसे की जाय एवं इसके लिए क्या आवश्यक कदम उठाये जाय इसके बारे में आप सभी जागरूक होकर आमनागरिकों को जागरूक करने का प्रयास करें। ये प्रशिक्षण आप सबके साथ साथ पूरे जिले एवं राज्य के लिए लाभदायक साबित होगा। इस दौरान सरगुजा पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ एवं नेशनल पुलिस एकेडमी का इस विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन का मौका सरगुजा पुलिस को प्रदान करने हेतु आभार प्रकट किया गया एवं साइबर अपराधों के निराकरण मे प्रशिक्षण कार्यशाला का महत्वपूर्ण योगदान होने की बात बताई गई।

# 25 लाख की लॉटरी पाने के चक्कर में कर्ज में डूबी महिला ने पुल से कूदकर दी जान



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

साइबर ठगों के चंगुल में आकर अब लोग अपनी जान तक गंवाने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र से सामने आया है। यहां की एक महिला के पास कुछ दिन पहले 25 लाख की लॉटरी लगने का फोन आया था। महिला जब लॉटरी पाने के झांसे में आ गई तो प्रोसेंसिंग फीस के नाम पर उससे रुपए मांगे गए। एक बार रुपए देने के बाद महिला उनके चंगुल में फंसती चली गई। लॉटरी के रुपए पाने उसने कर्ज लेना भी शुरु कर दिया। 23 मार्च को भी उसने 15 हजार रुपए ठगों के खाते में डाले। जब उसे लॉटरी के रुपए नहीं मिले तो उसने अपने घर से कुछ दूर स्थित पुल से सूखी नदी में छलांग लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लिचिरमा निवासी सेवबती पैंकरा पति स्व. मानिकचंद 45 वर्ष के पास कुछ दिन पूर्व अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर 25 लाख रुपए की लॉटरी लगने का झांसा दिया गया था। महिला जब उसकी बातों में आ गई तो उसने प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर कुछ रुपए जमा करने कहा। पहली बार महिला ने जब रुपए खाते में डाल दिए तो उसके पास बार-बार कॉल आने लगा। महिला से हर बार कहा गया कि इस बार यदि वह रुपए डाल देगी तो उसके खाते में तत्काल लॉटरी के रुपए ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। लेकिन हर बार उसे मायूसी मिली। 23 मार्च को भी उसके पास फोन आया कि 15 हजार रुपए डालते ही आपके खाते में 25 लाख ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। ऐसे में सुबह महिला अपनी बहू शिवकुमारी के ग्रामीण बैंक का खाता लेकर सीतापुर आई और 15 हजार रुपए ट्रांसफर कर दी। इसके बाद भी जब उसके खाते में लॉटरी के रुपए नहीं आए तो दोपहर करीब ढाई बजे वह ग्राम लिचिरमा व राजापुर के बीच स्थित मांड़ नदी पुल पर पहुंची और रेलिंग पर चढ़ गई। इस दौरान लोगों ने उसे नीचे कूदने से मना भी किया लेकिन वह नहीं मानी, फिर वह अचानक सूखी नदी में पत्थरों के बीच कूद गई। करीब 50 फीट नीचे गिरने से सिर सहित शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सिर सहित शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मृतिका के बेटे विक्रम पैंकरा ने सीतापुर थाने में आकर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। पीएम पश्चात पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# साढ़े चार करोड़ रुपए का चावल अफरा-तफरी, भाजपा पार्षद ने कलेक्टर से की शिकायत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने अंबिकापुर शहरी क्षेत्र के दुकानों से साढ़े चार करोड़ रुपए के चावल अफरा तफरी करने का आरोप दुकान संचालकों व सेल्समैनों पर आरोप लगाया है। आलोक दुबे ने मामले की शिकायत कलेक्टर से की है। उन्होंने अवगत कराया है कि सरगुजा जिले के ग्रामीण अंचल की 511 एवं शहरी क्षेत्र के 61 दुकानों में माह फरवरी-मार्च 2023 में शिकायत पर खाद्य विभाग ने समस्त दुकानों की चावल स्टॉक भौतिक सत्यापन किया तो यह सनसनी खेज खुलासा हुआ कि, 15 मार्च 2023 की स्थिति में इन सभी 572 सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों में करीब 40 हजार क्विंटल चावल गायब है और इस चावल को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान चलाने वाले सेल्समैनों व दुकान चलाने वाले समूहों द्वारा खुले बाजार में ऊँचे दामों पर बेंच दिया गया है। इस कारण इस मार्च महिने 2023 में शत-प्रतिशत दुकानों में ताला लग गया और सेल्समैन दुकान बंद कर फरार हैं। आम उपभोक्ताओं को फरवरी-मार्च 2023 में अपने कोटे के चावल नहीं मिल पा रहा है। इस तरह



सरगुजा जिले में शासकीय दुकानों के तीन करोड़ अस्सी लाख रुपये का चावल खुले बाजार में बेच कर सेल्समेन द्वारा चावल की अफरा-तफरी की गई है। अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र में संचालित 61 सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों में जांच में पांच हजार क्विंटल चावल गायब है, जो लगभग पचास लाख रुपये का होता है। 40 हजार क्विंटल चावल का स्टॉक में गायब होने के प्रमाण मिलने के बाद समस्त दुकानों के सेल्समैनों में हडक़म्प है और खाद्य विभाग ने इन सेल्स मैनों से 24 मार्च 2023 तक इस गायब चावल को दुकान में लाकर स्टॉक मेंनटेन करने का अल्टीमेटम खाद्य विभाग के अधिकारियों ने लिखित में दिया है। 24 मार्च तक 5 प्रतिशत सेल्समैन द्वारा भी बेचे गये चावल को सोसायटी में वापिस नहीं किया गया और न ही खाद्य अधिकारी सरगुजा के पत्रों का कोई सतुंष्टप्रद जवाब दिया गया। इसके पीछे कारण यह है कि खाद्य अधिकारी ने अपने पत्र में इन सभी सेल्समेनों, समूहों द्वारा दुकान संचालित करने वाले व्यक्तियों को जो 24 मार्च 2023 तक अल्टीमेटम दिया गया था। गायब चावल को जमा करने का पत्र में तथ्य भी उल्लेखित है कि, सेल्समैनों को दुकान से गायब चावल का प्रतिकिलो वसूली पैनल रेट लगभग 47 रुपये प्रति किलो की दर से राशि वसूल की जाएगी। जो सम्पूर्ण 40 हजार क्विंटल का करीब 18 करोड़ 80 लाख रुपये होता है। और शहरी क्षेत्र के 61 दुकानों का 5 हजार क्विंटल चावल का रिकव्हरी रेट 2 करोड़ 35 लाख रुपये होता है जो इनके द्वारा जमा करना लगभग असंभव है। जिसके लिए श्री दुबे ने मांग करते हुए कहा कि, 80 प्रतिशत दुकानों को जिले एवं अम्बिकापुर के सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों को कांग्रेस समर्थित कार्यकर्ता संचालन कर रहे हैं, एवं प्रशासन इन पर जांच करने पर घबरा रहे हैं। तत्काल इस सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान का निरस्त कर तत्काल नई सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों को आबंटित कर संचालित करने की अनुशंसा करें।

# खालिस्तान समर्थकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।


छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा ने राजधानी रायपुर में खालिस्तान समर्थकों की निकली रैली को निदां किया है। उन्होंने कहा है कि सिख समाज को ऐसे असामाजिक तत्वों का बहिष्कार करना चाहिए जिन्हें देश और तिरंगे से प्यार नहीं है और जो देश विरोधी कृत्यों में शामिल हैं। बाबरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शांतिप्रिय प्रदेश है। यहां के लोगों ने सिख समाज को हमेशा प्यार और सम्मान दिया। छत्तीसगढ़ हमें पंजाब जैसा ही लगता है लेकिन आज चंद खालिस्तान का समर्थन करते हुए रैली निकाले हैं जोकि दुखद और शर्मनाक है। इन्होंने पुलिस महानिदेशक से मांग की कि खालिस्तान के समर्थन में जिन लोगों ने रैली निकाली है, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए अन्यथा इनके हौसले बढ़ते चले जाएंगे।

# आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सीआरपीसी के प्रावधानों का करें पालन

**» आईजी ने सरगुजा रेंज के पुलिस अधिकारी व राजपत्रित अधिकारियों की ली वर्जुअल मीटिंग**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा सरगुजा रेंज के जिलों के पुलिस अधीक्षकों एवं राजपत्रित अधिकारियों की वर्चुअल मीटिंग ली जा रही। मीटिंग के दौरान आईजी द्वारा जिलों की अपराध एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विभिन्न बिन्दुओं पर त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सीआरपीसी के प्रावधानों तथा न्यायालयों के दिशा निर्देशों का पालन करने हेतु कहा। साथ ही सभी राजपत्रित अधिकारियों को थानों के मालखाना निरीक्षण कर जप्ति माल का विधिवत निराकरण करने हेतु निर्देशित किए। मीटिंग के दौरान आईजी द्वारा सभी पुलिस अधीक्षकों एवं राजपत्रित अधिकारियों निर्देश दिए कि लंबित अपराधों को समयावधि निर्धारित कर विधिवत निराकरण करें। जिलों में लंबित सभी पुराने गंभीर प्रकरणों विशेषकर- हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार, अपहरण एवं महिला व बच्चों संबंधी अपराध के प्रकरणों के



निराकरण की ओर विशेष ध्यान देते हुए निकाल करना सुनिश्चित करें।

आईजी द्वारा जिलों के थाना, चौकी में लंबित महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों में सतत विवेचना कराते हुए 60 दिवस के भीतर निराकरण कराने एवं अपराधों का 60 दिवस के समयावधि के भीतर निराकरण नहीं होने पर संबंधित विवेचक की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए। इसी प्रकार लंबित मर्ग जांच के प्रकरणों की समीक्षा विशेष रूचि लेकर प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने हेतु कहा गया।

### इन जिलों में हैं लंबित प्रकरण

रेंज के समस्त पुलिस अधीक्षक, राजपत्रित अधिकारियों को उपरोक्त सामान्य निर्देश देने के उपरांत आईजी द्वारा जिलावार लंबित अपराधों की समीक्षा की कड़ी प्रारंभ की। इसी क्रम मे बुधवार को जिला कोरिया के वर्ष 2022 तथा उसके पूर्व के लंबित 44 प्रकरण, गुरुवार को जिला मनेन्द्रगढ़ के 76, शुक्रवार को जिला बलरामपुर के 116, सोमवार को सूरजपुर के 75 एवं आज जशपुर 245 प्रकरण पेंडिंग मामलों की विधिवत समीक्षा करते हुए उन्होंने ने कहा की सभी लंबित प्रकरण निराकृत करने हेतु निर्देश दिए। साथ ही उनके द्वारा कहा गया की आप सब अपने जिला इकाई/अनुभाग में पेंडिंग मामले है उसे यथाशीघ्र निकाल करना सुनिचित करे।

# मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र

- छत्तीसगढ़ सरकार की ''छत्तीसगढ़ कल्चरल कनेक्ट योजना'' से कराया अवगत
- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व के स्थानों में खुलेंगे छत्तीसगढ़ संस्कृति केंद्र
- मुख्यमंत्री ने केंद्रों की स्थापना हेतु दो एकड़ शासकीय भूमि आबंटित करने का किया अनुरोध

रायपुर, 24 मार्च 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ी पहल करते हुए विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ सरकार की ''छत्तीसगढ़ कल्चरल कनेक्ट'' योजना से अवगत कराया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में ''छत्तीसगढ़ कल्चरल कनेक्ट'' योजना की जानकारी देते हुए लिखा है कि इन केंद्रों की स्थापना से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व के स्थानों में छत्तीसगढ़ के लोगों के निवास और भ्रमण की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने उक्त केंद्रों की स्थापना हेतु विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री से दो एकड़ शासकीय भूमि आबंटित करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आश्वस्त किया है कि छत्तीसगढ़ में संस्कृति केंद्र खोलने के लिए भूमि आबंटन की उन्हें भी सहर्ष स्वीकृति दी जाएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से ऋषिकेश, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल से गिरनार एवं सोमनाथ, ओड़िसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से पुरी में, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री वाय.एस. जगनमोहन रेड्डी से तिरूपति में, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से शिरडी में, झारखण्ड के



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से देवघर में, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदिनाथ से वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज एवं मथुरा में दो एकड़ शासकीय भूमि आबंटित करने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्र में लिखा है कि भारत में विभिन्न भाषाओं, जातियों, धर्मों तथा संस्कृतियों के लोग एक साथ रहते है। अनेकता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति एवं धरोहर है। विभिन्न संस्कृतियों के परस्पर आदान-प्रदान की प्रक्रिया की निरंतरता ने हमारे राष्ट्र को एकजुट रखने एवं शक्तिशाली बनाने में सहायता प्रदान की है। छत्तीसगढ़ की सरकार ने ''छत्तीसगढ़ कल्चरल कनेक्ट'' नामक योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। देश के विभिन्न भागों में स्थित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक महत्व के स्थानों में छत्तीसगढ़ के लोगों के भ्रमण एवं निवास हेतु 'छत्तीसगढ़ संस्कृति केन्द्रों' की स्थापना की जाये। इन केन्द्रों के माध्यम से राज्य वासियों को न केवल देश की सांस्कृतिक बहुलता की जानकारी प्राप्त होगी बल्कि उन स्थानों पर छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति, पुरातत्व एवं पर्यटन स्थलों की जानकारी दिये जाने के साथ ही छत्तीसगढ़ के परंपरागत हस्तशिल्प उत्पादों की भी अन्य राज्यों एवं देशों से आने वाले पर्यटकों को जानकारी मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आश्वस्त किया है कि यदि वे अपने राज्य की संस्कृति के प्रति छत्तीसगढ़ के लोगों की रूचि बढ़ाने की दृष्टि से छत्तीसगढ़ में सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों पर भूमि आवंटन की मांग करते है तो उस पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष,नेता प्रतिपक्ष सहित

## अनेक मंत्रियों,विधायकों के क्षेत्र के लिए की अनेक घोषणाएं

रायपुर,24 मार्च 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2023 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, अनेक मंत्रीगणों, संसदीय सचिव और विधायकों की मांग पर उनके विधानसभा क्षेत्र के लिए अनेक घोषणाएं की।

**मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं इस प्रकार हैं**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-नया बाराद्वार, जिला सक्ती में नवीन आत्मानंद विद्यालय की स्थापना, जिला सक्ती में नवीन महाविद्यालय की स्थापना (तृतीय अनुपूरक में शामिल है), सारागांव जिला जांजगीर-चापा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन करने की घोषणा की।

**इसी तरह स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा**

कि-करजी, जिला सरगुजा उप स्वास्थ्य केन्द्र का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन किया जाना, ग्राम तराजू विकासखण्ड लखनपुर में माध्यमिक शाला खोले जाने की घोषणा करता हूँ।

**कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

विकासखंड साजा जिला बेमेतरा के ग्राम पंचायत मोहगांव में आत्मानंद विद्यालय की स्थापना, पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्री का हाई स्कूल में उन्नयन विकासखंड धमधा जिला दुर्ग, हाईस्कूल भुस्ताला विकासखंड साजा जिला बेमेतरा का हायर सेकेन्डरी में उन्नयन किया जाएगा।

**गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

ग्राम अंडा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जाना, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहापुरी, गनियारी एवं मोहलई, विकासखंड एवं जिला दुर्ग को हाई स्कूल में उन्नयन किया जाएगा।

**स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

ग्राम कोगवार (मंझोली) विकासखंड वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर में नवीन प्री मैट्रिक कन्या विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो के लिये 50 सीटर छात्रावास, नगर पंचायत छुरीकला जिला कोरबा में नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय की स्थापना, शासकीय प्राथमिक शाला



पहाड़करवा विकासखंड प्रतापपुर जिला सूरजपुर का शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में उन्नयन, शासकीय प्राथमिक शाला तराजू विकासखंड लखनपुर जिला सरगुजा का शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में उन्नयन किया जाएगा।

**विधायक सत्यनारायण शर्मा के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

ग्राम पंचायत टेमरी एवं बनरसी को सम्मिलित कर नगर पालिका का दर्जा दिया जाएगा।

**विधायक पुरूषोत्तम कंवर के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदीबजार विकासखंड पाली जिला कोरबा को (9वी से 12वी ) तक नियमित अनुदान प्रदान करने की घोषणा की।

**संसदीय सचिव कुंवरसिंह निषाद के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

जिला बालोद के तिलखैरी- देवरी मार्ग में तांदुला नदी पर उच्चस्तरीय पुलमय पहुंचमार्ग निर्माण कार्य कराया जाएगा।

**विधायक आशीष छाबड़ा के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

ग्राम बेरला में 30 बिस्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कर 50 बिस्तर अस्पताल बनाये जाने की घोषणा की।

**विधायक रामपुकार सिंह के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

250 सीटर अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास पत्थलगांव, जिला जशपुर की स्थापना की जाएगी।

**विधायक गुलाब कमरो के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

नागपुर जिला कोरिया उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन किया जाएगा।

**विधायक पुन्नूलाल मोहले के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि**

मुंगेली के महलागांव में स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

**विधायक अजय चंद्राकर के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

गुरू घासीदास महाविद्यालय कुरूद में पी.जी. स्तर के कम्प्यूटर साइंस, इंफॅारमेशन टेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी के नये संकाय प्रारंभ किये जाने की घोषणा करता हूँ।

**विधायक अजय चंद्राकर एवं बृजमोहन अग्रवाल की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि-**

मेकाहारा जिला रायपुर में मुख्य बजट में 200 पद शामिल किया गया है।

**विधायक धर्मजीत सिंह के विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि-**

पण्डरिया रोड से गुरूद्वारा तक तथा ग्राम बैजलपुर से मेघापार्क ग्राम सड़क निर्माण शामिल करने की घोषणा करता हूं।

छत्तीसगढ़
गोधन न्याय योजना

## गोधन न्याय योजना को मिला एक और राष्ट्रीय अवार्ड

- नई दिल्ली में 25 मार्च को मिलेगा सीएसआई एसआईजी ई-गवर्नेंस अवार्ड
- मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

रायपुर, 24 मार्च 2023(ए)। छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना को फिर से एक राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। इस योजना को 20वां कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप ई-गवर्नेंस अवार्ड 2022 से नवाजा जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने इसके लिए प्रदेशवासियों एवं कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।

यह अवार्ड 25 मार्च को देश की राजधानी दिल्ली में नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलीजी के डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सभागृह में दिया जाएगा। गोधन न्याय योजना को राज्य और प्रोजेक्ट केटेगरी में चयनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना को पूर्व में ''स्कॉच गोल्ड अवार्ड'' और राष्ट्रीय स्तर पर एलेट्स इनोवेशन अवार्ड'' भी मिल चुका है।

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर छग में बवाल

- भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट,
- कांग्रेस भवन में पथराव
- सीएम बघेल के बयान के बाद पुलिस ने 4 आरोपियों को हिरासत में लिया

रायपुर, 24 मार्च 2023(ए)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के बाद राजधानी रायपुर में भी उसका असर देखने को मिल रहा है. यहाँ भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई है. इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता का सिर फट गया. वहीं युवा कांग्रेसियों ने भी बीजेपी कार्यलय की दीवार पर लगे बैनर में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव की फोटो पर कालिख फेंकी है. भाजपा के कार्यकर्ता अब राजीव गांधी भवन में जमकर पथराव कर रहे हैं. ऐसे में भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ट नेताओं ने शांति व्यवस्था बनाए ऱखने की अपील की है.

बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एकात्म परिसर पहुंचे हैं. जहां भाजपाइयों और कांग्रेसियों के बीच जमकर झड़प हुई है. वहीं मामले को देखते हुए कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है. भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी राजीव भवन में घुसने की कोशिश की और जमकर



पथराव भी किया. मौके पर मौजूद पुलिस मामले को काबू करने की कोशिश कर रही है.

आपको बता दे राहुल गाँधी लोकसभा सदस्यता रद्द होने के बाद सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि 'तानाशाह का सबसे बड़ा डर होता है कि उससे लोग डरना बंद न कर दें' आप उसे डराना चाहते हैं जो पूरे देश को कह रहा है ÷डरो मत÷. इंदिरा जी के साथ भी यही भूल की थी कुछ लोगों ने, बाकि फिर इतिहास है। यहीं मिलेंगे जनता की अदालत में. जनता होगी, जननेता होगा..नहीं होगा तो सिर्फ़ डर और तानाशाह।'

## प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा से किसान गदगद

- धान को औने-पौने दाम पर बेचने की अब नहीं रहेगी मजबूरी

रायपुर,24 मार्च 2023 (ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए किसानों से समर्थन मूल्य पर अब प्रति एकड़ 15 क्विंटल की जगह 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा की गयी है। धान खरीदी की मात्रा 15 से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किए जाने के फैसले बिलासपुर जिले के किसान गदगद हैं। उन्होंने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब अतिरिक्त धान को औने-पौने दाम पर बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी। किसानों ने कहा कि आखिर किसान के दर्द को एक किसनिहा मुख्यमंत्री ने समझा। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री को बारंबार धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया।

बिलासपुर जिले के सकरी तहसील अंतर्गत बहतराई में रहने वाले किसान श्री संतोष कुमार



कौशिक ने इस घोषणा को किसानों के हित में लिया गया बड़ा निर्णय बताया। उन्होंने बताया कि वे दो एकड़ में खेती करते हैं और लगभग 40 क्विंटल धान की पैदावार होती है। 15 क्विंटल के बाद बाकी का धान औने-पौने दाम पर बाजार में 1200-1300 क्विंटल के दर में बेचना पड़ता था । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के इस फैसले से प्रति क्विंटल हमें 20 से 25 हजार रूपए की अतिरिक्त आय होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जहां किसानों के हित में ऐसा निर्णय लिया गया है। साथ ही अमेरी गांव के मनहरण लाल निर्मलकर ने बताया कि उनके पास पांच एकड़ खेत है। उन्होंने इस फैसले को किसानों के लिए फायदेमंद बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। इसी प्रकार निरतू गांव की श्रीमती कला बाई ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू से किसानों के बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और इस घोषणा से उन्होंने हम किसानों एक और बड़ी सौगात दी हैं। अब हमें धान के शेष उपज को कौड़ियों के दाम पर अपने धान को बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी। इसके लिए राज्य के मुखिया श्री भूपेश बघेल को हम किसानों के ओर से धन्यवाद ।

बहतराई के ही एक अन्य कृषक श्री लक्ष्मी प्रसाद कौशिक ने बताया कि वे पौने दो एकड़ भूमि में खेती किसानी करते है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त धान को बहुत कम दाम में बेचना पड़ता था। कई बार हमें खरीददार भी नही मिल पाता था जिससे हमे आर्थिक नुकसान होता था। सरकार द्वारा दी जा रही राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किश्त से हम बच्चों की परवरिश और अपने सारे त्यौहार अच्छे से मना पा रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। तखतपुर ब्लॉक के चिचिरदा निवासी श्री बद्रीप्रसाद ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए इसे किसानों के हित में लिया गया बड़ा निर्णय बताया है।

**किसानों से 20 क्विंटल धान खरीदी करने भूपेश सरकार का फैसला ऐतिहासिक,**

भूपेश सरकार द्वारा राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी के फैसले की सर्वत्र सराहना हो रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने इस फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि बीते चार साल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्वावलंबनकी ओर छत्तीसगढ़ के किसान निरंतर अग्रसर हो रहे हैं।

किसानों की कर्जमाफी, जलकर माफ करने, 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के साथ ही खाद बीज वितरण की सुचारू व्यवस्था कर भूपेश सरकार ने किसानों की समृद्धि का रास्ता खोला है।

अब भूपेश सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का फैसला किया है जिससे किसानों में हर्ष है। किसानों में नए उत्साह का संचार हुआ है। इस फैसले से किसान समृद्ध और खुशहाल होने के साथ ही आत्मनिर्भर होंगे।

## नीरव और ललित मोदी को भगाने का काम मोदी सरकार ने किया

रायपुर,24 मार्च 2023(ए)। पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है. मरकाम ने कहा, सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं हो सकता. हम सत्य के साथ में हैं. राहुल गांधी के साथ खड़े हैं, करोड़ों भारतीयों की आवाज राहुल गांधी उठाते हैं।



मोदी सरकार आवाज को दबाने और डराने का प्रयास कर रही है. 2019 लोकसभा चुनाव में नीरव मोदी ललित मोदी, मेहुल चौकसी, मोदी सरनेम वाले देश से भाग रहे हैं, इस देश की गाढ़ी कमाई का पैसा लेकर भाग रहे हैं. राहुल गांधी ने गलत क्या कहा है? हम गांधी जी के अनुयाई हैं, गांधी जी हमेशा सत्य के साथ चले हैं. कांग्रेस जन भी सत्य के साथ चले हैं, मोदी सरकार से डरने वाले नहीं हैं. राहुल गांधी ने सत्य कहा है, नीरव मोदी ललित मोदी को भगाने का काम मोदी सरकार ने किया है. कोर्ट के डिसीजन का हम सम्मान करते हैं. ऊपर कोर्ट भी है. हम हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे. सत्य की जीत होगी सत्य के साथ में कोर्ट का निर्णय आएगा.

बता दें कि, सूरत कोर्ट के फैसले के बाद इधर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने सत्याग्रह शुरू कर दिया है. पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के नेतृत्व में तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के समर्थन में जमकर नारे लगाए. बैनर पोस्टर के जरिए राहुल गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रभारी सैलजा का समर्थन करते हुए नारे लगाए।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया फाफाडीह वॉल्टियर रेल लाइन फोरलेन रेल्वे अंडर ब्रिज का लोकार्पण

रायपुर, 24 मार्च 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को रायपुर से बिलासपुर मार्ग में रायपुर विजयनगरम शाखा रेल मार्ग पर स्थित लेवल क्रासिंग पर निर्मित फुल हाईट फोरलेन रेलवे अण्डर ब्रिज का लोकार्पण किया। रायपुर-बिलासपुर राजमार्ग पर लोकार्पित ये राज्य का पहला फुल हाईट फोरलेन रेलवे अंडरब्रिज है जिसे 28.11 करोड़ रूपए की लागत से छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया है।



इस फुल हाइट फोरलेन रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण से रायपुर शहरी क्षेत्र की लगभग 5 लाख की आबादी को सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। रायपुर से बिलासपुर मार्ग रायपुर-विजयनगरम शाखा रेल मार्ग पर स्थित लेवल कासिंग में रेल गुजरने से बार-बार रेलवे फाटक बंद होता था और आवागमन अवरुद्ध हो जाता था। जन आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन के इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति वर्ष 2017 में प्रदान की गई थी। इस ब्रिज की कुल लंबाई पहुंच मार्ग स्थित 336.96 मीटर है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए राज्य सरकार ने इस परियोजना को तेजी से पूरा करने के लिए हर स्तर पर पहल की। आज यह परियोजना पूर्ण होकर लोकार्पित हो रही है और क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है, इस अंडरब्रिज के शुरू हो जाने से यातायात सुगम होगा और आवागमन में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ के यातायात को सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार ने लगातार प्रयास किए हैं। इस दौरान 9 रेलवे ओवर ब्रिज और 6 अंडर ब्रिज के कार्य पूरे किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तेजी से अधोसंरचनाओं का निर्माण किया है। हमारी मजबूत अधोसंरचना और मजबूत अर्थव्यवस्था के तालमेल से हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास के नये आयाम स्थापित करेगा।

## गरीबों के चावल की गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

रायपुर,24 मार्च 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गरीबों के चावल की गड़बड़ी करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। राशन की हेराफेरी में शामिल लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद्य विभाग के अधिकारियों को प्रथम दृष्टया में राशन के बचत स्टॉक की कमी पाए जाने वाले उचित मूल्य दुकानों की विस्तृत जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सितम्बर 2022 में जिन उचित मूल्य दुकानों में बचत स्टॉक में कमी पायी गई है, उन दुकानों में स्टॉक में कमी के वास्तविक कारणों का परीक्षण किया जाए। अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए तथा इसकी



रिपोर्ट खाद्य विभाग को भेजी जाए।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि उचित मूल्य दुकानों में सितम्बर 2022 में राशन सामग्री के बचत स्टॉक के सत्यापन के सिलसिले में 13 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज किया गया है। 161 उचित मूल्य दुकानों का आबंटन निलंबित किया गया है तथा 140 दुकानों का आबंटन निरस्त किया गया है।

# दो विधायकों के आपसी लड़ाई से महिलाएं व गरीब जनता का नुकसानःरेणुका सिंह

- संवाददाता -
एमसीबी,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

विधान सभा सत्र में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ने दो विधायकों के आपसी लड़ाई को छत्तीसगढ़ के सर्वोच्च सदन में बताया की मनेद्रगढ का चर्चित बार में इनका आपसी लड़ाई है। जिसमे साफ साफ बार संचालक कांग्रेस के पदाधिकारी है और उसमें सदस्य के रूप में चिरमिरी के प्रथम व्यक्ति महापौर का नाम है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया की इस बार के संबंध में भाजपा जिला एमसीबी के द्वारा धरना प्रदर्शन और कलेक्टर के नाम पर ज्ञापन सौंपा चुके है।

यह मामला सामने विधानसभा में आता भी नही अगर दो कांग्रेस के विधायक आपस में झगड़ते नहीं। इनके इस आपसी झगड़े से जिला एमसीबी की औरते ,पत्नी ,बेटी और पूरा परिवार लोगो का बर्बाद हो रहा है। वैसे भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार शराब बंधी की बात कही थी पर मुश्किल से इस सरकार के 5 से 6 माह बचे है जो



अपने वादे के अनुरूप पूर्ण नहीं कर पाई और जिला एमसीबी के साथ साथ पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य, शराब के कारण लोगो का परिवार बर्बाद की कगार पर है जिसकी वजह प्रदेश की भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। पिछले चुनाव में प्रदेश की महिलाओं को लगा की कांग्रेस अपने जन घोषणा में शराब बंधी की बात की है तो हमारा परिवार शराब की चपेट से बच जायेगा परन्तु पूरा प्रदेश शराब से बर्बाद हो गया। नव युवक,बड़े ,बुजुर्ग सब शराब की चपेट में है। इस बार महिला सतर्क हो गई है जिसका खामियाजा आने वाले चुनाव में महिलाओं के द्वारा और जनता अपनी वोट से जवाब देगी। बार और शराब साथ ही दो विधायकों के कारण पूरा जिला एमसीबी की युवा पीढ़ी और बड़े , सियान सब समाज से हटते जा रहे है। अब देखना है की अकबारी मंत्री जी के आदेशों का कितना असर पड़ता है, विधायक या महापौर और कांग्रेस पधाधिकारी के सामने विधानसभा के सदन में मंत्री जी के किए गए जांच के आदेश पर अमल होगा।

# पत्रकार सुरक्षा कानून से पत्रकार उत्पीड़न रुकेगाःआनंद शर्मा

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के समस्त पत्रकार साथियों एवं एम सी बी जिला अध्यक्ष आनंद शर्मा ने देशवासियों को चैत नवरात्रि एवं हिंदू नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा। की हिंदू नव वर्ष छत्तीसगढ़ के पत्रकारों लिए उपहार लेकर आया है। कई पत्रकार पर झूठे और फर्जी रिपोर्ट दर्ज होते रहे हैं। फिर भी पत्रकार निष्पक्ष कलम चलाकर असंवैधानिक और गलत कार्य प्रणाली पर प्रहार करते रहे है।



छत्तीसगढ़ राज्य के मुखिया भूपेश बघेल कि सरकार ने अपने वादे को पूरा किया और पत्रकार सुरक्षा कानून पारित कर चौथे स्तंभ का मान रखा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा की, अब निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले को आजादी मिलेगी,हम सभी भूपेश सरकार का धन्यवाद करते हैं। छत्तीसगढ़ देश का यह दूसरा राज्य है। जिसने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया है। पत्रकार सुरक्षा कानून से मीडिया कर्मियों का उत्पीड़न रुकेगा और पत्रकार अधिक उत्साह के साथ जनहित में निर्भीक बिना किसी दबाव और निष्पक्ष होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया हिदू नव वर्ष

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

चैत्र माह शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर देवीगंज के तत्वाधान में निकटतम ग्राम



खलीबा में विविध आयोजनों के साथ धूमधाम से भारतीय नव संवत्सर मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुवात मुख्य अतिथि अंजू अग्रवाल ने भारत माता पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मीरा साहू के साथ शासकीय विद्यालय खलीबा के प्रधानाचार्य व पंचायत सरपंच, सचिव मंच पर आसीन थे। सरस्वती वंदना पश्चात विद्यालयीन भैया, बहनों द्वारा समवेत स्वर में हनुमान चालीसा का सस्वर गायन प्रस्तुत किया गया। नूतन वर्ष का दीपमालाओं से स्वागत किया गया। पश्चात बहनों द्वारा मनमोहक भजनों से वातावरण के भक्तिमय से अभिसिंचित किया गया। इस मौके पर मीरा साहू ने सभी को नव वर्ष की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की ।

# हिन्दू नववर्ष पर निकाला गया एकल अभियान द्वारा तिलकोत्सव शोभा यात्रा

- संवाददाता -
सूरजपुर,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

एकल अभियान भाग उत्तर छत्तीसगढ़ के अंचल सूरजपुर में हिन्दू नव वर्ष के मौके पर तिलकोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया । नगर के पंचमंदिर में इसका कार्यक्रम का अनु प्रचारिक उद्घाटन हुआ तत्पश्चात नगर के राम मंदिर होते हुए पूरे नगर में भ्रमण व हनुमान मंदिर में इसका समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राम-लक्ष्मण की झांकी एवं एकल अभियान के आचार्य एवं आचार्य भाई बहनों ने बड़े ही उत्साहवर्धन से इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और कार्यक्रम का आयोजन में अंचल समिति एवं अंचल महिला समिति का सराहनीय योगदान रहा ।यह कार्यक्रम पूरे




भारत में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में हो रहा है मुख्य उद्देश्य है कि माथे पर तिलक और हिंदुओं का भगवा ध्वज घर में होना चाहिए इसका प्रचार प्रसार हेतु संगठनात्मक तरीके से इसका बड़े जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है ।बीते दिवस रामानुजनगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आज सूरजपुर ज़िले के विभिन्न नगरों में अनेकों लोगों को तिलक लगाया गया एवं हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में सभी को याद दिलाएगा। इस कार्यक्रम में अंचल समिति हरिदास अग्रवाल,राजेन्द्र अग्रवाल, मुकेश गर्ग अंचल महिला समिति से लता गोयल हेमलता गुप्ता रेखा गोयल शकुंतला जिंदिया सहित अन्य महिला समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे वरिष्ठ कार्यकर्ता में राजेश साहू तान सिंह सिदार बोधराम प्रजापति रामेश्वर यादव कृष्णा राम सुंदरलाल सिंह सहित सभी संच के संच प्रमुख एवं संच व्यास एवं विभिन्न गांव से आचार्य एवं आचार्य भाई-बहन सम्मिलित हुए।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज करेंगे रीपा का वर्चुअल लोकार्पण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 25 मार्च 2023 को रीपा (महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क) का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में वर्चुअल लोकार्पण समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम लुण्ड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत बटवाही में प्रातः 11:30 बजे से आयोजित किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कुंवरपुर में भी रीपा का वर्चुअल लोकार्पण किया जाएगा तथा अन्य रीपा केन्द्रों का लोकार्पण स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।

लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे करेंगे तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, सीजीएमएससी के अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अधयक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा बोर्ड के अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष शफी अहमद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, अपेक्स बैंक के संचालक अजय बंसल, मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष इरफान सिद्दीकी, तेलघानी बोर्ड के सदस्य लक्ष्मी गुप्ता, गौ-




सेवा आयोग के सदस्य श्री अटल बिहारी यादव, राज्य बीज प्रमाणीकरण के सदस्य श्री अरविन्द गुप्ता, राज्य कृषक कल्याण परिषद के सदस्य संजय गुप्ता, राज्य उर्दू अकादमी के सदस्य बदरूद्दीन एराकी, राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष श्रीमती नीता विश्वकर्मा, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य अमृत टोप्पो, राज्य कर्मकार मण्डल के सदस्य अनिल सिंह, जिला सहकारिता एवं उद्योग समिति के अध्यक्ष श्रीमती राधा रवि, जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता, जनपद अध्यक्ष लुण्ड्रा गंगा प्रसाद, जनपद उपाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, बटवाही सरपंच करम साय नागेश विशिष्ट अतिथि होंगे। ज्ञातव्य है कि रीपा अंतर्गत अम्बिकापुर जनपद के दरिमा गोठान में कालीन निर्माण, स्टेशनरी निर्माण, स्क्रीन एवं ऑफसेट प्रिंटिंग, सिलाई सेंटर, मेण्ड्राकला में चना-रोस्टर, मुर्रा, सत्तु निर्माण, ऑयल एक्सपेरल, बर्तन बैंक साउंड एंड टेंट, बतौली के मंगारी में सिलाई सेंटर व कालीन निर्माण, तरागी में राइस, आटा, तेल मिल, लखनपुर जनपद में कुंवरपुर में बोरा एवं बैग निर्माण कस्टम हायरिंग सेंटर, पुहपुटरा में बेकरी-ब्रेड उत्पादन, चीन लिंक फेंसिंग तार निर्माण इकाई, लुण्ड्रा जनपद के असकला में फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण, डिटर्जेंट एवं साबुन निर्माण, बटवाही में कालीन निर्माण, गौ-मूत्र प्रोसेसिंग, मैनपाट जनपद के राजापुर में बेकरी- ब्रेड उत्पादन, चना-रोस्टर, मुर्रा, सत्तु निर्माण, डांगबुड़ा में दोना पत्तल निर्माण, ब्रेड बेकरी उत्पादन, कालीन निर्माण, उदयपुर जनपद के जजगा में फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण, आयल एक्सपेलर, कंवलगिरी गोठान में पेपर कप एंड ग्लास निर्माण, झाड़ू निर्माण, चैन लिंक फेंसिंग तार निर्माण, सीतापुर जनपद के सूर में पोहा निर्माण, ब्रेड एवं बेकरी, सोनतराई में दोना पत्तल निर्माण, सूजी-दलिया, आटा निर्माण, मसाला व सेवई निर्माण इकाई स्थापित किया जा रहा है।

## राहुल के समर्थन में युंका ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

- संवाददाता -
सूरजपुर,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

मोदी सरनेम मामले में सूरत कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को सजा सुनाये जाने के विरोध में युवा कांग्रेस के बैनर तले अग्रसेन चौक में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला। नरेंद्र यादव ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद पूरे देश मे राहुल गाँधी ने अपनी एक अलग छाप छोड़ी है।राहुल गांधी की लोकप्रियता देश मे बढ़ता देख मोदी और भाजपा सरकार डर गई है ओर बेबुनियादी मामलों में राहुल गांधी को फंसा कर छवि धूमिल करने में लगी है ,बेरोजगार युवा वर्ग, किसान वर्ग,सभी वर्ग आज की केंद्र सरकार से अपना विश्वास तोड़ चुके है राहुल गाँधी बिना डरे मोदी और अडानी के बीच के संबंधों पर तीखे सवाल पूछते है जो मोदी को बर्दाश्त नही है और सरकारी तंत्रो का दुरुपयोग कर राहुल गांधी की हिम्मत तोड़ने की कोशिश कर रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका जिसमे जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव ,प्रेमनगर विधानसभा अध्यक्ष परमेश्वर राजवाड़े ,अमृतांश सिंह, सरफराज खान,कोनेंन अंसारी, अनिमेष तिवारी, उत्तम यादव,विवेक अग्रवाल, अज्जु अंसारी, राजेश साहू,राजा मंडल, अफरोज, जीशान,सत्यम साहू,सिद्दू गुप्ता, राजन ठाकुर,शिवम साहू,शनि जायसवाल,अदनान ,आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बांकीपुर शिविर में बांटा गया 49 बी-1 व आयुष्मान कार्ड



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर जनपद के ग्राम पंचायत बांकीपुर में गुरुवार को विकासखंड स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत बांकीपुर और आसपास के ग्रामवासी शामिल हुए। राजस्व विभाग के द्वारा 19 किसानों को ऋष्टा पुस्तिका, बी-1 व खसरा निःशुल्क प्रदान किया गया। उद्यानिकी विभाग के द्वारा फलदार बीजों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शिविर के माध्यम से 30 आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। शिविर में कुल 119 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

शिविर में ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न मांगों एवं समस्या से संबंधित लगभग 67 आवेदन दिया गया। प्राप्त आवेदनों में से 46 का मौके पर ही निराकरण किया गया जिससे ग्रामीणों को तत्काल राहत मिली। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही करने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों के द्वारा विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। शिविर में एसडीएम श्री डीएस उईके, तहसीलदार श्री भूषण सिंह मण्डावी, एमआइसी सदस्य श्री द्वितेन्द्र मिश्रा, बीडीसी, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्तरहीन सामग्री निर्माण को लेकर ग्रामीणों का उग्र प्रदर्शन कर कार्य कराया गया बंद

### विभाग ने आश्वासन के बाद पुलिस बल के सहयोग से रात 11 बजे किया कार्य प्रारंभ

- संवाददाता -
रामानुजनगर,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

पी.डब्लू.डी. रामानुजनगर विभाग के अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क अर्जुनपुर से तिवरागुड़ी बाजार तक बन रहे 4 कि.मी. डामरीकरण व नवीनीकरण कार्य संबंधित विभाग के अनुबंध प्राप्त ठेकेदारो के द्वारा कराया जा रहा है कार्य प्रारंभ होने के साथ ही कार्य के गुणवत्ता को लेकर आज ग्राम पंचायत अर्जुनपुर के सरपंच के नेतृत्व मे लगभ 200 ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता बिहिन व स्तरहिन सड़क निमार्ण के विरोध मे कार्य को बंद करवा दिया गया, ग्रामीणों का अरोप है कि पी.डब्लू. डी के संबंधित सड़कके द्वारा सड़क को बिना सफाई किये, सड़क की चौड़ाई व




सड़क के धूल डस्ट को हटाये बीना ही डामरीकरण प्रारंभ कर दिया गया जब सड़क निमार्ण का कार्य आरंभ किया जा रहा था तो ना कभीसंबंधित विभाग का अभियंता उपस्थित रहता है और ना ही शासन के दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा हैं अब तक जो भी सड़क का निमार्ण हुआ है वह इतनी खराब है कि हाथ से उखाड़ने पर उखड जा रहा हैं सड़क की मोटाई कही भी एक समान नही हैं। कार्य बंद होने की सूचना पाकर मौके पर पी.डब्लू.डी. विभाग के एस.डी.ओ. व अन्य प्रशासनिक अमला पहुच कर ग्रामीणों को आस्वस्थ किया गया कि जब तक पुरानी सड़क को अच्छे तरह से साफ व साइड क्लीयन नही किया जाता कार्य बंद रहेगा आश्वासन पर ग्रामीण कार्य स्थल से हट और मामला शांत हो पाया विश्वस्त सुत्रो स प्राप्त सूचना है किन्तु रात लगभग 11 बजे के आसपास पी.डब्लू. विभाग के द्वारा पुलिस प्रशासन की मौजूदगी मे कार्य को पुनः को प्रारंभ करा दिया गया।

इस संबंध मे जब पी.डब्लू.डी. विभाग के एस.डी.ओ एस.के.मिश्रा से संपर्क कर वस्तुस्थिती के बारे मे पुछा गया तो आपके आस्वास्न के बाद भी विभाग को क्या जरूरत पड़ी की रात 11 बजे पुलिस प्रशासन की सहायता से सड़क का निमार्ण कराना पड़ा तो इस पर उन्होने कहॉ कि डामर प्लांट से डामर मिक्स सड़क निमार्ण सामग्री गाड़ी मे लोड़ लोकर निकल चूका था सामग्री खराब ना हो और सड़क निमार्ण स्थल पर किसी प्रकार का विवाद ना हो इसलिए पुलिस की सहायता लिया गया।

# छत्तीसगढ़ श्री मजदूर सीमेंट संघ इंटक के आमसभा में सैकड़ो श्रमिक हुए शामिल

- संवाददाता -
तिल्दा नेवरा,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ श्री मजदूर सीमेंट संघ इंटक द्वारा श्री रायपुर सीमेंट प्लांट खपराडीह संयंत्र के मुख्य द्वार पर आम सभा का आयोजन अध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में रखा गया था। जिसमे सैकड़ो ठेका श्रमिक शामिल हुए। वर्मा ने अपने उद्बोधन में हिन्दू नव वर्ष व चैत्र नवरात्र की बधाई दिए। वही संगठन के 1 वर्ष का आय व्यय का प्रस्तुतिकरण किया गया। साथ मे उनके द्वारा किए गए कार्यों की उपलब्धियो का विस्तार से लोगो को अवगत कराया । साथ ही सभी उपस्थित श्रमिको को यह यकीन दिलाया। कि आप सभी की खून की पसीने की कमाई का एक एक रुपया का सही उपयोग हो रहा है। संगठन पिछले साल से ज्यादा मजबूत है।

श्री रायपुर सीमेंट प्लांट के लगभग 80? सदस्य जुड़ चुके है। अभी भी सदस्यता अभियान जारी है। जिससे लग रहा है कि इस साथ 95प्रतिशत सदस्य हो जाएंगे। जो आस पास के सीमेंट संयंत्रों के लिए मिसाल है। 1 वर्ष में संगठन द्वारा आप अभी के सहयोग व संघर्ष से बहुत से कार्य किये है। जैसे कोरोना के समय में सभी ठेका श्रमिको को पूरा हाजरी नही मिलता था। सभी को पूरा हाजरी दिलाया गया।जो श्रमिक कोरोना से संक्रमित हो गया था। उसको 21 हाजरी तक का पेमेंट दिलाया ।पार्किंग में शेड का निर्माण कराया गया ।सभी ठेका श्रमिको को 7 सी एल प्रतिवर्ष दिलाया गया। 2022 में सभी ठेका श्रमिको को 2000 रुपये प्रोत्साहन राशि दिलाया



गया।सभी ठेका श्रमिको का वेतन वृद्धि नान टेक्निकल को प्रतिदिन 60 रुपये व टेक्निकल को प्रतिदिन 65 रुपये दिलाया गया।बोनस सभी ठेका श्रमिको को 8.33त्न से 10.50त्न दिलाया गया। जो आज तक बलौदाबाजार के किसी भी सीमेंट संयन्त्र में नही हुआ। ये भी हमारा संगठन ने ही कराया है।

आगे कहां की अभी 1 अप्रैल से फिर से 60रुपये प्रतिदिन नानटेक्निकल व 65 रुपये प्रतिदिन टेक्निकल को मिलना चालू हो जाएगा।अभी डस्ट अलाउंस और ग्रेजुएटी के लिए संघर्ष जारी है। जो बहुत ही जल्द मिल जाएगा। इस विशेष रूप से आम सभा मे डेकराम यादव,दिलीप यदु (उपाध्यक्ष), उत्तम निर्मलकर, (महासचिव),मुकेश कुमार वर्मा, (कोषाध्यक्ष),हेमलाल वर्मा (प्रचार मंत्री),हरिराम पाटकर(संगठन सचिव),लोकनाथ साहू (सचिव),योगेश साहू ,नीलम संजय भारतद्वाज, ओमप्रकाश,सुरेंद्र वर्मा,दीपक बघेल,गरीबा,टेकराम धृतलहरे ,नेतराम वर्मा,भूपेंद्र वर्मा,रामा रजक सभी पदाधिकारी व सैकड़ो श्रमिक उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि मृतक श्रमिकों के परिवारों को लाखों का सहयोग करेगा। यह श्रमिक नेता

दिलीप कुमार वर्मा ने प्रस्ताव रखा। कि किसी भी श्रमिक साथी का सेवा निवृत्त से पहले किसी भी स्थिति में मृत्यु हो जाती है। तो हर श्रमिक 100 रुपये सहयोग देना है। सभी श्रमिको ने उत्त्साह के साथ हाथ उठाकर प्रस्ताव को पारित कर दिया। जिससे मृतक श्रमिक परिवार को लाखो का सहयोग प्राप्त होगा।

# निगम क्षेत्र वर्तमान में प्रगतिरत् हैं,100 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्य:महापौर

- संवाददाता -

**कोरबा,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि नगर निगम कोरबा क्षेत्र में वर्तमान में लगभग 100 करोड़ रुपये से अधिक राशि के विकास कार्य प्रगतिरत हैं, वहीं लगभग 60-70 करोड़ रूपये की लागत से वार्ड एवं बस्तियों में विभिन्न विकास कार्य प्रस्तावित हैं, जो शीघ्र प्रारंभ होगें। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा के विकास के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत लगातार राशि की स्वीकृति कराई है, परिणाम स्वरूप विकास की गति को थमने नहीं दिया गया है। महापौर प्रसाद ने कहा कि जो लोग विकास अवरुद्ध होने की बात करते हैं, वे धरातल पर उतरकर देंखे, कोरबा का जितना विकास विगत 08 वर्षों के दौरान हुआ है, उतना विकास इसके पूर्व कभी नहीं हुआ था, जबकि इसी दौरान डेढ़-दो वर्ष तक कोरोना संकट से भी हम सबको जूझना पड़ा किन्तु कोरोना से लड़ाई लड़ने के बाद विकास की गति को पुनः आगे बढ़ाया गया, यहाँ तक की कोरोनाकाल में भी विकास को थमने नहीं दिया गया तथा टोटल लाकडाउन की अवधि को छोड़कर शेष समय पर विकास कार्य जारी रहें। उन्होने कहा है कि सड़क, नाली, पानी, बिजली आदि के साथ-साथ सामुदायिक भवनों का निर्माण, शेड निर्माण, चबूतरा निर्माण, सी.सी. सड़कों का निर्माण, उद्यानों का निर्माण व जीर्णोद्धार, ओपनजिम की स्थापना, खेल सुविधाओं का विस्तार, स्कूलों का निर्माण व जीर्णोद्धार सहित विकास के हर क्षेत्र में कार्य किए गए हैं। नगर निगम कोरबा क्षेत्र में घर-घर निःशुल्क नल कनेक्शन देते हुए 57 हजार






से अधिक घरों में निःशुल्क कनेक्शन लगाए गए, वहीं बरसों से अंधेरे में डूबी हुई बस्तियों, पारों, मोहल्लों, ग्रामों में बिजली सुविधा उपलब्ध कराई गई, घर-घर में बिजली पहुंचाई गई। इसके साथ ही मुख्य मार्गों के साथ-साथ सभी वार्डों में आंतरिक सड़कों का निर्माण कराया गया वहीं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयास से निगम के 29 वार्डों में हमर क्लीनिक निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है तथा कुछ वार्डों में हमर क्लीनिक का निर्माण भी प्रारंभ हो चुका है. इससे प्रत्येक वार्ड में चिकित्सा एवं इलाज की सुविधा मुहैया हो सकेगी। सड़कों का जीर्णोद्धार, नवनिर्माण महापौर प्रसाद ने कहा कि कोरबा शहर के मुख्य मार्गों व आंतरिक सड़कों के जीर्णोद्वार व नवनिर्माण के कार्य व्यापक पैमाने पर किए गए हैं। पूर्व में 10 करोड़ रूपये की लागत से कराए गए शहर की मुख्य सड़कों व मार्गों का जीर्णोद्धार एवं बी. टी. रोड निर्माण के साथ-साथ वर्तमान में 16 करोड़ रूपये की लागत से शहर की आंतरिक व आवासीय कालोनियों की सड़कों का जीर्णोद्धार व बी.टी. रोड निर्माण का कार्य कराया गया है। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयास से एस.ई.सी. एल. के सी.एस.आर.मद से 200 करोड़ रूपये की स्वीकृति के अंतर्गत इमली छापर सर्वमंगला फोरलेन रोड का निर्माण कराया जा रहा है, वहीं साढ़े 37 करोड़ रूपये की लागत से दर्री बराज से गोपालपुर तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, इसी प्रकार मुड़ापार स्थित एस. ई. सी. एल. प्रवेशद्वार से सेन्ट्रल स्टोर तक बाईपास रोड का निर्माण भी पूरा किया गया है।











## चेट्रीचंड पर्व पर सिंधी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा,राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी हुए शामिल

- संवाददाता -

**कोरबा, 24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।** सिंधी समाज चेट्रीचंड पर्व धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर रानी रोड स्थित सिंधी गुरुद्वारा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो डीडीएम रोड जाकर समाप्त हुई । इस शोभायात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं युवाओं ने संगीत की धुन पर नृत्य का जमकर लुत्फ उठाया । समाज के गणमान्य लोगों द्वारा जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार एवं शरबत की व्यवस्था की गई थी । राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी इस शोभायात्रा में शामिल हुए । उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर समाज के प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात की और उन्हें चेट्रीचंड पर्व की शुभकामनाएं दी । इस दौरान महापौर राज किशोर प्रसाद , ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर , पूर्व महापौर श्रीमती रेनू अग्रवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान समेत अनेक कांग्रेसीजन उपस्थित रहे ।

## बालको ने उत्कृष्ट जल प्रबंधन के लिए किया चेक डैम का नवीनीकरण



- संवाददाता -

**कोरबा,24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बालको के कर्मचारी और स्थानीय समुदाय के लोग दोंदरो गांव में चेक डैम के नवीनीकरण के लिए एक साथ आए। 2016 में बालको द्वारा निर्मित इस चेक डैम में गाद जमा होने के कारण इसकी जल धारण क्षमता कम हो गई थी। गाद को हटाने में 50 से अधिक बालको कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया। सफाई के बाद जल धारण क्षमता की बहाली से लगभग 100 किसानों को लाभ होगा। किसानों को ग्रीष्मकाल में दूसरे और तीसरे फसल के लिए पानी सुरक्षित करने के साथ ही आस-पास के जल संरचनाओं को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी। लगभग 60 लाख लीटर की विशाल भंडारण क्षमता वाले इस चेक डैम के अलावा बालको कई अन्य संरचनाओं को आने वाले महीनों में नवीनीकरण करने की योजना बना रहा है। यह पहल गर्मी के महीनों के दौरान सिंचाई के लिए स्थायी जल आपूर्ति सुनिश्चित करके क्षेत्र के किसानों को बेहतर फसल की पैदावार देने और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगी।

स्थानीय समुदायों के लिए सिंचाई और पीने के पानी की जरूरतों में मदद करते हुए बालको ने अब तक इस क्षेत्र में 150 से अधिक जल संरचनाएं जैसे चेक डैम, कृषि तालाब, सामुदायिक तालाब आदि विकसित किए हैं। इससे वर्ष में एक से अधिक फसल के पैदावार होने से लगभग 32 से अधिक पड़ोसी गांव लाभान्वित होंगे। इन संरचनाओं ने मिट्टी की नमी को बढ़ाने और भूजल स्तर को बनाए रखने में भी योगदान दिया है, जिससे क्षेत्र में कृषि पारिस्थितिकी तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। चेक डैम के नवीनीकरण के अलावा बालको विश्व जल दिवस के अवसर पर स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देकर जल सप्ताह मना रहा है। अपने विभिन्न पहल 'वाटर लीकेज स्पॉटिंग सुपरहीरो' अभियान, जल प्रबंधन पर वार्ता, स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं की मदद से कर्मचारियों एवं स्थानीय समुदाय के बीच जल संसाधनों के संरक्षण और दैनिक जीवन में स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए जागरूकता पैदा की है। बालको आसपास के क्षेत्र में पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाएं रखने के लिए प्रतिबद्ध है।



## सुगन्धित एवं बायोफोर्टिफाइड धान उत्पादन एवं प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण सम्पन्न

- संवाददाता -

**बलरामपुर , 24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।** आदिवासी उप-योजनान्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र बलरामपुर द्वारा शंकरगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उमको एवं घुघरी कला में सुगन्धित एवं बायोफोर्टिफाइड धान उत्पादन एवं प्रसंस्करण पर विस्तृत प्रषिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में शस्य वैज्ञानिक श्री पी.आर. पैकरा के द्वारा जिले में उगाये जाने वाले स्थानीय एवं सुगन्धित किस्म विषेषकर जीराफुल धान के उत्पादन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने का सुझाव दिया गया।

### जैव विविधता बनाए रखने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनायें

प्रशिक्षण में शस्य वैज्ञानिक श्री पी.आर. पैकरा ने बताया कि आधुनिक कृषि में असंतुलित उर्वरक के उपयोग से सुगंधित किस्म के चावल की खुषबू धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है, साथ ही साथ कृषक स्थानीय किस्म को छोड़कर संकर धान (हाइब्रीड) को प्राथमिकता दे रहे हैं। पुरानी किस्म और जैव विविधता बनाए रखने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाना होगा तभी गुणवत्तायुक्त उत्पाद भी प्राप्त होगा। आने वाला समय प्राकृतिक खेती का है, यदि हमें अपने समाज को रोग मुक्त रखना है तो प्राकृतिक खेती अपनाना होगा। प्राकृतिक खेती कम लागत और मात्र एक भारतीय देशी गाय के साथ की जा सकती हैं। प्राकृतिक खेती में देषी गाय का महत्वपूर्ण स्थान है किसान एक गाय के साथ 30 एकड़ शूमि पर प्राकृतिक खेती आसानी से कर सकते है। प्राकृतिक खेती के तहत तैयार किये जाने वाले उत्पादों में बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत आदि को तैयार करने में देषी गाय के गोबर और गौमूत्र की आवष्यकता पड़ती है। इसी प्रकार दषपर्णी अर्क, नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, अग्नियास्त्र आदि को तैयार करने में देषी गाय का गोबर, गौमूत्र, गुड़, बेसन के अलावा घर में मिलने वाले विभिन्न प्रकार के अनाज और दानों की आवष्यकता होती है। प्राकृतिक खेती में किसानों की फसलों पर आने वाली लागत को काफी हद तक कम किया जा सकता है साथ ही प्राकृतिक खेती के माध्यम से पैदा होने वाले कृषि उत्पाद रोग और बीमारियों से बच सकते हैं। वर्तमान में कैंसर जैसी प्राणघातक बीमारी इन कीटनाषकों और रासायनिक खेती की वजह से ही हो रही है। इसलिए समय की मांग हैं, कि किसान प्राकृतिक खेती अपनाए। सभी कृषकों को सुगन्धित एवं बायो फोर्टिफाइड धान की खेती करने हेतु आदान सामग्री की जानकारी एवं प्रसंस्करण कर ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग चैनल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे कृषकों के उत्पाद का मूल्य संवर्धन हो सके। कृषक मुख्यतः जीराफूल धान स्थानीय मार्केट में 25-30 रुपये प्रति किलो की दर से बेच दिया करते हैं किंतु अब मिलिंग करने के पश्चात पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग के पश्चात 100-120 रुपये प्रति किलो की दर से विक्रय कर सकेंगे।

आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
सुविधाएँ : • पर्सनल लोन • बिजनेस लोन • प्रॉपर्टी लोन • होम लोन • जीवन बीमा • स्वास्थ्य बीमा • गाड़ी फाइनेंस • बैंकिंग ग्राहक सेवा केन्द्र
निःशुल्क फ्रेंचाइजी लेकर काम करने इच्छुक व्यक्ति भी संपर्क कर सकते हैं.
प्रमुख बैंकों व कई फाइनेंस कंपनियों द्वारा अधिकृत
आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
गुदरी गली, सेन्ट्रल बैंक के सामने अम्बिकापुर
मो.: 9993567065, 6232267065, 9754461011
Advt.B.19.3.23





## अमेंरा खदान में सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाकर अज्ञात लोगों ने लाखों रुपए की केबल तार की चोरी

- संवाददाता -

**लखनपुर, 24 मार्च 2023 (घटती-घटना)।** लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमेंरा खुली खदान में 23 व 24 मार्च की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर सब स्टेशन के शटर का ताला तोड़ लाखों रुपए की केबल तार की चोरी का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी है। कई वर्षो से एसईसीएल अमेरा खदान बंद पड़ा है। अमीरा खदान में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं बीती रात अमेरा खदान में सुरक्षाकर्मि ड्यूटी मैं तैनात थे अज्ञात लोग वहां पहुंचे और सुरक्षाकर्मियों व विद्युत विभाग के पदस्थ फोरमैन को बंधक बनाकर सब स्टेशन के शटर का ताला तोड़ अज्ञात चोरों के द्वारा लाखों रुपए के केबल तार की चोरी की गई। घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी है। तो वही घटना के बाद से अमेरा खदान के कर्मचारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0 202203020700067/ अ-27 /2021-22

**फर्द बंटवारा का अंतिम प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित जाता है कि इस न्यायालय के र I 0 प, 0 क्र 0 202203020700067 / अ--27 / 2021-22 पक्षकार रेशमा टोप्पो वगै. प्रति करूणा कूसूम मिंज वगै., ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 539/7 रकबा 0.769 हे. (भूमि का फर्द बंटवारा सूची हल्का पटवारी से प्राप्त हुआ है, जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10/04/2023 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 24/03/2023)क्रो मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पददमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)/सक्षम प्राधिकारी/सूरजपुर जिला-सूरजपुर,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0-/ अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-पर्री को सुचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार आ. भगत राम जाति गोंड़ निवासी ग्राम पर्री तहसील व जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके अधिपत्य एवं स्वत्व की भूमि ग्राम पर्री प0ह0न0, 06 रानिमं, बसदेई तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 1078 रकबा 0.200 हे. में से रकबा 0.040 है. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है
अत्तएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 31/03/2023 को न्यायॉलयीन आवधि में उपस्थित होकर दावा/आपति अस्तुत कर सकते हैं। उसके बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनाक 16/03/2023 को न्यायालयीन पदमुदा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी, भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202303021200014/ अ-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक किशोरी प्रसाद आ0 स्व0 तुलसी राम उम्र लगभग 62 वर्ष जाति सोनार निवासी संगम चौक, रामकुटिर के सामने देवीगंज रोड, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला सदर रोड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भू-खण्ड कमांक 1167,/6, 1167/10 रकबा कमशः 0.011/2, 0.0021/2 कुल रकबा 0.004 हे? (1 डिसमिल) को बैक में बंधक रखने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदाय करने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति पेश किया गया है।
उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 05 / 04/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।
आज दिनांक 06/-03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदुमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202303021200011/ अ-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती दुलारी देवी वेबा स्व0 तुलसी राम उम्र 80 वर्ष जाति सोनार निवासी संगम चौक, रामकूटिर के सामने देवीगंज रोड, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला सदर रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर -08 स्थित नजूल भू-खण्ड कमांक 2659 /3 रकबा 0.003 हे0 को बैक में बंधक रखने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदाय करने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति पेश किया गया है ।
उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-05/04/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।
आज दिनांक.06 / .03 / 2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालीन पदमुद्रा, से जारी ।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202303021200059/ अ-6/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार गुप्ता आ0 स्व0 हरप्रसाद गुप्ता, जाति-केशरवानी, निवासी-संगम चौक, नगर अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा, छ0ग0, व अन्य 08 ने आवेदन प्रस्तुत कर कथन किया कि आवेदकगण पिता हरप्रसाद गुप्ता आ0 बेनी माधव के स्वामित्व व हक की शीट नम्बर - 03, मोहल्ला- देवीगंज रोड़, नगर अम्बिकापुर, स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 942/2, 943, 946/2 रकबा 0.061/2, 0.02, 0.07 एकड़ भूमि है। हरप्रसाद गुप्ता आ0 बेनी माधव की मृत्यु दिनांक 17.10.2013 को हो चुकी है। अतः भूधारक की मृत्यु होने के कारण उनका नाम विलोपित कर वैध वारिसो के नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त सबंध में जिस किसी ब्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 24/04/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक-22,/03,/2023 को मेरे न्यायलयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202303021200058/ अ-6/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीतू चंवर पति राजू चंवर, रेणु चंवर, रमन चंवर आ0 स्व0 राजू चंवर, जाति- चेरवा, निवासी-ठनगनपारा, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0, ने आवेदन प्रस्तुत कर कथन किया कि आवेदकगण पति एवं पिता राजू चंवर आ0 स्व0 गोपाल राम के स्वामित्व व हक की शीट नम्बर - 03, मोहल्ला- ठनगनपारा, नगर अम्बिकापुर, स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 1715/21, 1716 रकबा 0.07, 0.07 एकड़ भूमि है। राजू चंवर आ0 स्व0 गोपाल राम की मृत्यु दिनांक 29.09.2022 को हो चुकी है।
अतः भूधारक की मृत्यु होने के कारण उनका नाम विलोपित कर वैध वारिसो के नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त सबंध में जिस किसी ब्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा,/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 24/04/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक-22,/03//2023 को मेरे न्यायलयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर,सरगुजा

# वाणी कपूर ने खत्म किया खिताबी सूखा



**गुरुग्राम,24 मार्च 2023।** महिला प्रो गोल्फ टूर पर अपनी पिछली जीत के तीन साल से थोड़ा अधिक समय बाद, वाणी कपूर ने आखिरी होल पर एक महत्वपूर्ण बर्डी खेलकर 3-अंडर 69 का कार्ड बनाया और मौजूदा सीजन के सातवें चरण में बढ़त बना ली। .
यह पतला किनारा गौरिका बिश्नोई के रूप में काफी अच्छा था, जिन्होंने दिन के अच्छे हिस्से का नेतृत्व किया, वह अंतिम सात होल में एक बर्डी खोजने में असमर्थ रही और उन्होंने पार-4 14वें में बोगी भी की।
वाणी तीन दिनों तक 2-अंडर 214 पर रही और गौरिका (72) 1-अंडर 215 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। गौरिका के साथ खेलने वाली रिधिमा दिलावरी के पास भी 16वें और 17वें बर्डी लगाने का मौका था। वाणी के साथ प्लेऑफ में जाने के लिए उसे एक बर्डी की जरूरत थी, लेकिन इसके बजाय, उसने आखिरी होल में डबल बोगी की और तीसरे स्थान पर गिर गई। रिद्धिमा ने एक ओवर 217 का स्कोर किया।
ओवरनाइट लीडर त्वेसा मलिक (77) फाइनल राउंड में खराब मौसम का सामना कर चौथे स्थान पर रहीं, जबकि शौकिया विधात्री उर्स (76) और अस्मिता सतीश (73) पांचवें स्थान पर रहीं।
अंतिम ग्रुप में खेलते हुए, गौरिका के पास एक बर्डी पुट पर खड़े होने के कारण प्लेऑफ़ को मजबूर करने का मौका था, जो हालांकि, सीधे आगे नहीं था। गेंद होल के पार चली गई और गौरिका दूसरे स्थान पर रह गईं।
तीसरे दिन की शुरुआत 36-होल लीडर त्वेसा मलिक से पीछे करने वाली वाणी कपूर ने फ्रंट नाइन में एक बर्डी और एक बोगी की।
त्वेसा, गौरिका और शौकिया विधात्री के प्रमुख समूह के रूप में नौ में बदल गया, गौरिका ने पोल की स्थिति पर कब्जा कर लिया।
वाणी ने 10वें और 12वें बर्डी के साथ बैक नाइन पर पासा पलट दिया और फिर 18वें पर एक महत्वपूर्ण फाइनल जोड़ा।
वाणी ने कहा, ÷जीत के लिए वापस आना बहुत अच्छा है, मेरे परिवार और दोस्तों के साथ मेरे होम कोर्स पर और भी बहुत कुछ। मैं यहां अपने कोच, अनित्य चंद और अपने माता-पिता सहित सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं।÷
पिछले तीन वर्षों में लेडीज यूरोपियन टूर और अन्य जगहों पर। गौरिका, जिसने अंतिम दिन लीडर से एक पीछे शुरुआत की, अपने कई पुट के साथ भाग्यशाली नहीं रही, जिसमें 18वें का पुट भी शामिल था, जहां उसे आठ-फुट की मुश्किल का सामना करना पड़ा। अंतिम ग्रुप में खेल रही गौरिका ने पार-5 चौथे पर डबल बोगी से वापसी करके अच्छा प्रदर्शन किया और अगले चार होल में से तीन में बर्डी लगाई। लेकिन अंतिम चरण में चीजें उसके अनुसार नहीं चलीं।
17वें दिन एक मौके पर, गेंद सीधे कप के किनारे पर रुकी, और उसे केवल एक पार मिला, जहां वह एक बर्डी की हकदार थी।
यह वाणी का दिन था, खासकर पिछले नौ पर। उसने न केवल तीन बार बर्डी लगाई बल्कि एक अच्छी जीत हासिल करने के लिए कुछ बहुत अच्छे पार भी बचाए।

## स्वीयाटेक ने चोट के कारण लिया ब्रेक

**वारसॉ ,24 मार्च 2023।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने कहा है कि खांसी के कारण पसली में लगी चोट से वह मियामी ओपन और बिली जीन किंग कप में नहीं भाग लेंगी।



पिछले सत्र में 21 वर्षीय ने मियामी में फाइनल में नाओमी ओसाका को हराकर ट्रॉफी जीती थी, लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने कहा कि वह अपने खिताब का बचाव नहीं करेंगी।
स्वीयाटेक ने बीती रात जारी एक बयान में लिखा, दोहा के बाद मैं एक गंभीर संक्रमण से जूझ रही थी। मुझे खेलने की अनुमति दी गई थी, लेकिन खांसी के एक मजबूत प्रकोप के कारण पसली में चोट लग गई। हम इसे संभालने की कोशिश कर रहे थे और तब तक खेलना जारी रखा, जब तक यह मेरे लिए सुरक्षित था।
उन्होंने आगे कहा, हम हाल के दिनों में डेटा का विश्लेषण कर रहे थे और मेरे डॉक्टर ने मेरा निदान तैयार किया। दुर्भाग्य से, मुझे अभी भी बहुत असुविधा और दर्द महसूस हो रहा है और मैं प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकती। मुझे ठीक होने के लिए ब्रेक लेने की जरूरत है। मुझे बाहर निकलना होगा।
यह ज्ञात नहीं है कि स्वीयाटेक कब टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। डब्ल्यूटीए रैंकिंग लीडर ने स्वीकार किया कि वह मुश्किल पलों का सामना कर रही हैं। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, मियामी और बिली जीन किंग कप में नहीं खेलना एक कठिन कॉल है, लेकिन स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है। इसे स्वीकार करने और जल्द से जल्द ठीक होने का समय आ गया है।

## आईपीएल से पहले अश्नीर ग्रोवर ने फैंटेसी स्पोर्ट्स ऐप क्रिकपे लॉन्च किया




**नई दिल्ली ,24 मार्च 2023।** 31 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले, अश्नीर ग्रोवर के नए वेंचर थर्ड यूनिकॉर्न ने क्रिकपे नाम से एक फैंटेसी स्पोर्ट्स ऐप लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य ड्रीम11 और मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) को चुनौती देना है। ग्रोवर ने एक ट्वीट में कहा, आईपीएल के बाद से क्रिकेट में सबसे बड़ी क्रांति - क्रिकेटरों को भुगतान करने वाला केवल काल्पनिक खेल। जहां आप जीतते हैं, क्रिकेटर जीतता है, क्रिकेट जीतता है।
क्रिकपे किसी भी सार्वजनिक या निजी प्रतियोगिता के लिए प्राप्त कुल धन का 10 प्रतिशत प्लेटफार्म शुल्क लगाएगा।
यह 18 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों को क्रिकेट खिलाड़ियों की एक आभासी टीम बनाने और नकद पुरस्कार अर्जित करने के लिए सशुल्क प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति देता है।
गूगल प्ले स्टोर पर इसके विवरण के अनुसार, यह दुनिया का एकमात्र फैंटेसी क्रिकेट ऐप है जहां हर मैच के साथ, वास्तविक खेलने वाले क्रिकेटर, क्रिकेटिंग निकाय और असली टीम के मालिक फैंटेसी गेम विजेताओं के साथ नकद पुरस्कार जीतते हैं।
ऑनलाइन फैंटेसी स्पोर्ट्स मार्केट में फिलहाल ड्रीम11 का दबदबा है। भारतपे के पूर्व सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर ने फैंटेसी स्पोर्ट्स मार्केट का हिस्सा हड़पने के लिए नया वेंचर क्रिकपे लॉन्च किया है।
डेलॉयट के सहयोग से फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत का फैंटेसी स्पोर्ट्स मार्केट वित्त वर्ष 2011 में 34,600 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 तक अनुमानित 1,65,000 करोड़ रुपये हो जाने की संभावना है, जो 38 प्रतिशत सीएजीआर दर्ज करता है।
भारत 13 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता आधार के साथ दुनिया का सबसे बड़ा फैंटेसी खेल बाजार है।
टॉफलर के जरिए हासिल किए गए आंकड़ों के मुताबिक ग्रोवर्स ने पिछले साल नई कंपनी का पंजीकरण कराया था। फर्म की कुल चुकता पूंजी 10 लाख रुपये और अधिकृत शेयर पूंजी 20 लाख रुपये थी।
ग्रोवर ने कहा था कि वह निवेशकों से धन मांगे बिना अपना उद्यम शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

## केन के रिकॉर्ड तोड़ गोल ने इंग्लैंड को इटली के खिलाफ जीत दिलाई

**नेपल्स ,24 मार्च 2023।** हैरी केन के रिकॉर्ड तोड़ गोल ने यूरो 2024 क्वालीफायर दौर में 10 पुरुषों की इंग्लैंड को इटली के खिलाफ 2-1 से जीत दिला दी। गैरेथ साउथगेट के शासनकाल में इंग्लैंड एक बड़ी ट्रॉफी उठाने में विफल रहा है। हालाँकि, इंग्लैंड के बोर्ड ने प्रबंधक में जो विश्वास किया है, वह धीरे-धीरे हाल के परिणामों से चुकाया जा रहा है।
खेल के 13वें मिनट में डेक्लान राइस ने कार्नर से पीछा करते हुए गतिरोध तोड़ा। गेंद के बॉक्स में घुसते ही इतालवी रक्षा टूटने लगी। हैरी केन का डिफ्लेक्ट शॉट सीधे राइस के रास्ते में गिरा, जिसने नेट के पिछले हिस्से को करीब से खोजने में कोई गलती नहीं की।
हैरी केन ने आखिरकार पहले हाफ के अंतिम मिनटों में अपना रिकॉर्ड तोड़ क्षण पाया। अपनी नसों में बर्फ और स्टील की नसों के साथ, केन इस अवसर पर पहुंचे और इंग्लैंड के सर्वकालिक गोल स्कोरर बनने के लिए अपना 54वां गोल किया। टोटेनहम के स्ट्राइकर ने वेन रूनी के 53 गोलों की संख्या को पार कर लिया।
इटली ने वापसी के लिए जमीनी कार्य करने की कोशिश की क्योंकि 23 वर्षीय स्ट्राइकर मातेओ रेटेगुई ने घाटे को आधे से कम करने के लिए अपने पदार्पण पर गोल किया। आगंतुक बाकी अवधि के लिए स्कोर लाइन को बरकरार रखने में कामयाब रहे।
इटली खेल के 80 वें मिनट में खेल को पलट सकता था क्योंकि ल्यूक शॉ को दो मिनट के अंतराल में दो पीले कार्ड प्राप्त करने के बाद भेज दिया गया था।



हालाँकि, अंत में, इटालियंस के पास खेल के मरने के क्षणों में उनके पास मौजूद सभी कब्जे के लिए दिखाने के लिए कुछ भी नहीं था। 2-1 की स्कोर लाइन के साथ, टेन मैन थ्री लायंस ने 61 साल बाद इटली में जीत दर्ज की।
खेल के बाद कप्तान हैरी केन ने इंग्लैंड के सर्वकालिक रिकॉर्ड गोल स्कोरर बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसका मतलब सब कुछ है। एक बार जब यह नेट के पिछले हिस्से से टकराया, तो बहुत अधिक भावना थी। सभी खिलाड़ियों, सभी कर्मचारियों, मेरी पत्नी, मेरे परिवार और उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाने में मदद की। यह एक था। जादुई क्षण। यह सिर्फ एक महान रात है। हम इटली में स्कोर करने के लिए इतने लंबे समय तक नहीं जीते हैं और खेल जीतना विशेष है।÷ केन ने इंग्लैंड फुटबॉल के हवाले से कहा।
इंग्लैंड के प्रबंधक गैरेथ साउथगेट लचीले इतालवी पक्ष के खिलाफ केन के प्रदर्शन से प्रभावित थे। ÷उनका आज रात का समग्र प्रदर्शन उत्कृष्ट था। मुझे लगा कि वह वास्तव में सेंटर-बैक पर हावी थे और उनका लिंक प्ले वास्तव में अच्छा था। आप खेल की शुरुआत से ही देख सकते थे कि वह वास्तव में इस पर थे। रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए जिस तरह से उन्होंने किया, हाल के इतिहास को देखते हुए, उनके चरित्र और मानसिकता की ताकत का संकेत है,÷ साउथगेट ने इंग्लैंड फुटबॉल के हवाले से कहा।
यूरो क्वालिफायर के दूसरे मैच में इंग्लैंड रविवार को वेम्बली स्टेडियम में यूक्रेन की मेजबानी करेगा।

## सलीमा टेटे को उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार

**नई दिल्ली ,24 मार्च 2023।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को 2022 में शानदार प्रदर्शन के लिये एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) ने वर्ष की उदीयमान खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया है। कोरिया के मुंगयोंग में एशियाई हॉकी महासंघ की वार्षिक आम बैठक में इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। सलीमा ने हॉकी इंडिया के बयान में कहा,'' मैं पिछले कई वर्षों की मेरी कड़ी मेहनत को पहचान देने के लिए एशियाई हॉकी महासंघ का आभार व्यक्त करती हूं।'' एशियाई हॉकी महासंघ ने इसके साथ ही हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह को उदीयमान खेल अधिकारी के पुरस्कार से सम्मानित किया। सलीमा पिछले दो वर्षों से भारतीय महिला टीम का अभिन्न अंग रही है। उन्हें पिछले साल मस्कट में महिला एशिया कप में टूर्नामेंट की उदीयमान खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के दौरान सीनियर टीम की तरफ से पदार्पण किया था। इसके बाद उन्होंने 2018 में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में युवा ओलंपिक खेलों में भारतीय जूनियर टीम को रजत पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सलीमा तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में 2021 में खेले गए एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्वकप में भी हिस्सा लिया था जिसमें भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही थी। यह मिडफील्डर एफआईएच हॉकी प्रो लीग में तीसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा भी थी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस युवा मिडफील्डर को पुरस्कार जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा,''मैं सलीमा टेटे को इस पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई देता हूं। यह देखकर मुझे बहुत खुशी होती है कि हमारे भारतीय खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर वह पहचान मिल रही है जिसके वे हकदार हैं।



## आईपीएल में खिलाड़ियों का वर्कलोड मैनेजमेंट फ्रैंचाइजियों पर निर्भर है : रोहित

**चेन्नई ,24 मार्च 2023।** भारतीय टीम प्रबंधन ने आईपीएल फ्रैंचाइजियों को भारतीय खिलाड़ियों का वर्कलोड मैनेजमेंट करने के लिए कहा है। हालांकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यह भी संदेह जताया है कि इसे किसी आईपीएल टीम द्वारा माना जाएगा।



उन्होंने कहा, यह अब फ्रैंचाइजियों पर निर्भर है, क्योंकि अब फ्रैंचाइजी ही खिलाड़ियों के मालिक हैं। हमने फ्रैंचाइजियों को इस बारे में संकेत दे दिए हैं। यह अब खिलाड़ियों पर भी निर्भर है। वे व्यस्क हैं और उन्हें अपने शरीर का देखभाल खुद करना है। अगर उन्हें लगता है कि कुछ ज्यादा हो रहा है तो वे बात करके एक या दो मैचों का ब्रेक ले सकते हैं। हालांकि मुझे नहीं लगता है कि ऐसा कुछ होगा। आईपीएल, भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के दस दिन के भीतर ही शुरू हो रहा है, वहीं आईपीएल फाइनल के एक सप्ताह के भीतर ही भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल खेलना है। भारत के कई प्रमुख खिलाड़ी मसलन श्रेयस अय्यर, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और ऋषभ पंत अभी चोटिल हैं और वे आंशिक या पूर्ण रूप से आईपीएल से बाहर हो चुके हैं। आगामी वनडे विश्व कप को देखते हुए यह अच्छे संकेत नहीं कहे जा सकते हैं।

## सिंधू बाहर,सात्विक-चिराग की जोड़ी स्विस ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में

**बासेल ,24 मार्च 2023।** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में इंडोनेशिया की गैर वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वारदानी से तीन गेम तक चले रोमांचक मैच में हार कर बाहर हो गई जिससे उनका स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने का सपना भी चकनाचूर हो गया। विश्व में नौवें नंबर की खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू को 38वीं रैंकिंग की वारदानी से 15-21, 21-12, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।
यह इन दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला मुकाबला था। लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दूसरी वरीयता प्राप्त पुरुष जोड़ी ने कड़े मुकाबले में ताइवान की फेंग चीह ली और फेंग जेन ली की जोड़ी पर 12-21, 21-17, 28-26 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करके भारत की उम्मीदें बरकरार रखी। विश्व में छठे नंबर की इस भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला डेनमार्क के जेपी बे और लासे मोल्हेडे की जोड़ी से होगा।

## फिल्म गुमराह का ट्रेलर रिलीज,पुलिस को चकमा देते दिखे आदित्य रॉय कपूर

पिछले काफी समय से आदित्य रॉय कपूर फिल्म गुमराह को लेकर चर्चा में हैं। इसमें पहली बार उनकी जोड़ी मृणाल ठाकुर के साथ बनी है। फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें आदित्य पहली बार डबल रोल में नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर और टीजर दर्शकों को पसंद आए थे। अब इसका ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। आदित्य ने ट्रेलर रिलीज की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है।
गुमराह की कहानी एक हत्या के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें दो संदिग्ध शामिल हैं, आदित्य रॉय कपूर और आदित्य रॉय कपूर। दरअसल, फिल्म में उनकी दोहरी भूमिका है। पहले उनका रोमांटिक अवतार देखने को मिलता है और कुछ ही देर बाद उनका एक नया रूप पर्दे पर आता है , जो हत्या के केस में उलझा हुआ है और पुलिस को गुमराह करता दिख रहा है। रोनित रॉय और मृणाल ठाकुर पुलिस बन अपराधी को खोज रहे हैं।
आदित्य ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर साझा कर लिखा, हर कहानी के दो पहलू होते हैं, सच और झूठ, लेकिन इस कहानी के पहलू हैं- गुनाह और गुमराह। ट्रेलर जारी। आदित्य के इस पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा, भाई फिल्म का पता नहीं, लेकिन तुमने आग लगा दी।




दूसरे ने लिखा, फायर है भाई। गजब का लुक। एक अन्य यूजर ने लिखा, आदित्य ने दोनों किरदार बखूबी निभाए। वह एक अच्छे एक्टर हैं, लेकिन उन्हें कभी वो श्रेय नहीं मिला।
ट्रेलर में जो घुमावदार, रहस्यमयी कहानी और रोमांच देखने को मिल रहा है, उससे लगता है कि यह फिल्म सस्पेंस के शौकीनों को खूब लुभाएगी। आदित्य के साथ मृणाल के डायलॉग और पंच भी इस मर्डर मिस्ट्री को लेकर काफी उत्सकुता जगा रहे हैं।
इस फिल्म का टीजर होली पर रिलीज हुआ था। ट्रेलर की तरह ही टीजर में भी आदित्य का अंदाज और किरदार होश उड़ा रहा था। वह जमकर मार-पिटाई करते दिख रहे थे। उनका एक्शन देखने लायक था। आदित्य आखिरी बार फिल्म राष्ट्र कवच ओम में नजर आए थे, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। इससे पहले भी वह अपनी फिल्मों में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। ऐसे में आदित्य के फिल्मी करियर के लिए गुमराह काफी अहम है।
क्राइम थ्रिलर फिल्म गुमराह टी-सीरीज के बैनर तेल बन रही है। यह तेलुगु फिल्म थाडम का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म का निर्देशन मागीज थिरुमेनी ने किया था और इसमें अरुण विजय, तान्या होप, स्मृति वेंकट और विद्या प्रदीप जैसे कलाकार नजर आए थे। वैसे हाल-फिलहाल में रिलीज हुए साउथ की फिल्मों के हिंदी रीमेक बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गए। इसका सबसे ताजा उदाहरण अक्षय कुमार की फिल्म सेल्फी है। अब देखना होगा कि गुमराह क्या कमाल दिखाती है।



## ब्लैक थाई स्लिट गाउन में हिना खान ने लगाया बोल्डनेस का तड़का

टीवी एक्ट्रेस हिना खान आए दिन अपने बोल्ड लुक्स से फैंस को इंप्रैस करती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ब्लैक कट आउट गाउन में फोटोज शेयर की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हिना खान सोशल मीडिया सेंसेशन हैं और आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर अपलोड करती रहती हैं। हाल ही में आइकोनिक गोल्ड अवार्ड्स 2023 के इवेंट में हिना खान का लुक देख कर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस हिना खान की एक झलक पाने के लिए फैंस अक्सर बेताब रहते हैं। हालांकि वो भी फैंस को निराश नहीं करती हैं।
लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस हिना खान ने ब्लैक कलर की रिवीलिंग ड्रेस पहन कर हुस्न के जलवे बिखेरे हैं। बता दें कि हिना खान ने अपने लुक को और भी ज्यादा एलिगेंस बनाने के लिए हैंगिंग डायमंड ईयररिंग्स कैरी किए हैं और एक हाथ में मैचिंग का डायमंड ब्रेसलेट पहना है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने ब्राउनिश मेकअप किया है और साथ ही न्यूड लिप्सटिक लगाकर अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अपने इस लुक में अभिनेत्री हिना खान काफी अट्रैक्टिव दिख रही हैं। हालांकि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर लोग लाख से भी ज्यादा लाइक्स कर चुके हैं। यूजर्स ने एक्ट्रेस की तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- हॉटनेस ओवरलोडेड, टू हॉट टू हेंडल, सिजलिंग एंड हॉट।














CMYK




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)